Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## अक्तूबर भाग-2 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

**1. ज़ायोनी आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 19वीं सदी के अंत में फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिये एक राष्ट्रीय मातृभूमि की स्थापना के लक्ष्य के साथ ज़ायोनी आंदोलन की शुरुआत हुई।
2. प्रथम विश्व युद्ध के बाद इस आंदोलन को और बल मिला, साथ ही इसे वर्ष 1917 की बाल्फोर घोषणा (जिसके द्वारा फिलिस्तीन में एक यहूदी राष्ट्र-राज्य की स्थापना हेतु समर्थन किया गया था) का प्रोत्साहन भी प्राप्त हुआ।
3. प्रथम विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र ने फिलिस्तीन को अलग-अलग यहूदी और अरब राज्यों में विभाजित करने वाली एक विभाजन योजना का प्रस्ताव रखा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**2. केन नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केन तथा बेतवा नदियों का उद्गम मध्य प्रदेश में होता है और ये दोनों यमुना की सहायक नदियाँ हैं।
2. राजघाट, पारीछा और माताटीला बाँध केन नदी पर स्थित हैं।
3. केन नदी पन्ना टाइगर रिज़र्व से होकर गुज़रती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**3. केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक संवैधानिक संस्था है।
2. वर्ष 2019 में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में किये गए संशोधन के अनुसार, सदस्य पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र नहीं हैं।
3. आयोग के पास पूछताछ करने हेतु सम्मन भेजने, दस्तावेज़ों की आवश्यकता आदि के संबंध में सिविल कोर्ट की शक्तियाँ होती हैं॥

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**4. काजू (एनाकार्डियम ऑक्सीडेंटेल) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. काजू के पेड़ मूलतः भारत में पाए जाते हैं।
2. अच्छी जल निकास वाली गहरी बलुई दोमट मिट्टी काजू की खेती के लिये सर्वोत्तम होती है।
3. राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अनुसार, कर्नाटक काजू का प्रमुख उत्पादक है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**5. ओज़ोन छिद्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओज़ोन छिद्र क्षोभमंडल का एक क्षेत्र है जहाँ ओज़ोन परत का क्षय हो जाता है।
2. ओज़ोन क्षरण संकट से निपटने हेतु अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने क्योटो प्रोटोकॉल की पुष्टि की थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**6. संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य शांति और सुरक्षा को सुविधाजनक बनाना, नागरिकों की रक्षा करना तथा स्थिर शासन संरचनाओं की बहाली का समर्थन करना है।
2. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) ने हैती में स्थिरता लाने और बढ़ती हिंसा को प्रबंधित करने के लिये केन्या के नेतृत्व में बहुराष्ट्रीय सुरक्षा मिशन (MSS)को अधिकृत किया है।
3. हैती में वर्ष 2017 में संपन्न हुए पिछले संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के विपरीत यह नया बहुराष्ट्रीय सुरक्षा मिशन (Multinational Security Support- MSS) संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित नहीं किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**7. मीथेन गैस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मीथेन एक अत्यधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, औद्योगिक क्रांति के बाद से वैश्विक स्तर पर कुल ग्लोबल वार्मिंग के लगभग 30% के लिये यह एकल रूप से ज़िम्मेदार है।
2. वायुमंडल में अपने जीवनकाल के पहले 20 वर्षों में मीथेन की ऊष्मा उत्पन्न करने की क्षमता कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 80 गुना अधिक है।
3. मीथेन सतह-स्तरीय ओज़ोन प्रदूषण का प्राथमिक कारण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**8. पूसा जैव-अपघटक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक कवक-आधारित तरल विलयन है जो पराली को इतना गला/सड़ा सकता है कि इसे मिट्टी के साथ मिलाकर खाद के रूप में आसानी से उपयोग किया जा सके।
2. यह फसल अवशेष, पशु अपशिष्ट, गोबर और अन्य कचरे को तेज़ी से जैविक खाद में परिवर्तित करता है।
3. इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा विकसित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**9. नवरत्न कंपनियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2023 तक भारत में कुल 16 नवरत्न कंपनियाँ हैं।
2. नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने के लिये एक फर्म को प्रारंभ में मिनीरत्न पदनाम धारण करना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**10. वर्ष 1971 के मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (MTP) अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लाइसेंस प्राप्त चिकित्सा पेशेवरों को कानून के तहत प्रदान की गई विशिष्ट पूर्व निर्धारित स्थितियों में गर्भपात करने की अनुमति देता है।
2. MTP अधिनियम में 2021 में संशोधन किया गया था ताकि कुछ श्रेणियों की महिलाओं को गर्भधारण के 22 सप्ताह तक गर्भपात कराने की अनुमति दी जा सके, इसे विगत वर्ष की तुलना में 20 सप्ताह से अधिक बढ़ाया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 तथा 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**11. धन विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धन विधेयक को लोकसभा में पेश किया जाना चाहिये लेकिन यह राज्यसभा (उच्च सदन) में पेश नहीं किया जा सकता है।
2. राष्ट्रपति किसी धन विधेयक को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है लेकिन उसे पुनर्विचार के लिये वापस नहीं कर सकता।
3. धन विधेयक से संबंधित प्रक्रिया के अंतर्गत संयुक्त बैठक का प्रावधान शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**12. बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका एवं यूरोप को स्थल तथा समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है।
2. सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट भूमि परिवहन मार्गों के नेटवर्क के माध्यम से पूरे यूरेशिया में कनेक्टिविटी, बुनियादी ढाँचे और व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**13. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RCEP विश्व का सबसे बड़ा व्यापारिक ब्लॉक है।
2. RCEP के सदस्य राष्ट्र वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 50% से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं।
3. भारत RCEP के सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**14. चुनावी बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चुनावी बॉण्ड प्रणाली को वर्ष 2019 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से पेश किया गया था।
2. केवल जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 29A के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल ही चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने के पात्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**15. क्वांटम स्टेट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्वांटम स्टेट एक क्वांटम प्रणाली के भौतिक गुणों का गणितीय विवरण है।
2. क्वांटम स्टेट्स किसी प्रणाली के गुणों का पूरा विवरण प्रदान करते हैं, जिसमें इसकी स्थिति, गति, ऊर्जा, चक्रण और अन्य अवलोकन योग्य राशियाँ शामिल होती हैं।
3. बोसॉन ऐसे कण हैं जो पॉली अपवर्जन सिद्धांत का पालन करते हैं, जबकि फर्मिऑन ऐसे कण हैं जो समान क्वांटम स्टेट साझा कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**16. कैंसर कोशिकाओं की कीमोथेरेपी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें तेज़ी से विभाजित होने वाली कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करना शामिल है, जिससे प्रायः क्रमादेशित कोशिका मृत्यु या एपोप्टोसिस होता है।
2. यह कोशिका मृत्यु कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों का कारण बनती है, जैसे- गुहा मुख और आँत की दर्दनाक सूजन, मतली, डायरिया, एनीमिया एवं बालों का झड़ना।
3. इसके अंतर्गत मुख्य रूप से कैंसर कोशिकाओं में पाए जाने वाले प्रोटीन की पहचान करने के लिये डिज़ाइन की गई एंटीबॉडी और दवाओं को जोड़ना शामिल है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17. एंजेल टैक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एंजेल टैक्स एक आयकर है जो 50% की दर से तब लगाया जाता है जब कोई असूचीबद्ध कंपनी किसी निवेशक को उसके उचित बाज़ार मूल्य से अधिक कीमत पर शेयर जारी करती है।
2. एंजेल टैक्स केवल निवासी निवेशकों द्वारा किये गए निवेश पर लागू होता है।
3. हाल ही में वित्त मंत्रालय ने 21 देशों के निवेशकों को भारतीय स्टार्ट-अप में अनिवासी निवेश के लिये एंजेल टैक्स लेवी से छूट दी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**18. विमान नियमावली, 1937 में संशोधन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये संशोधन विमानन सुरक्षा को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।
2. संशोधित लाइसेंसिंग प्रक्रिया और अनावश्यक नियमावलियों को हटाने से अधिक व्यापार-अनुकूल वातावरण के निर्माण में योगदान मिल सकता है।
3. संशोधन भारत के विमानन नियमों को अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के मानकों के साथ संरेखित करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**19. तमिल भक्ति परंपरा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अलवार 12 शैव संत-कवियों का एक समूह था।
2. नयनार 63 वैष्णव संत-कवियों का एक समूह था।
3. ओधुवर तमिलनाडु के हिंदू मंदिरों में मुख्य पुजारी थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**20. सिनाई प्रायद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिनाई प्रायद्वीप इज़रायल में एक त्रिकोण के आकार का प्रायद्वीप है।
2. प्रायद्वीप में स्वेज़ नहर शामिल है, जो एक मानव निर्मित जलमार्ग है और भूमध्य सागर को फारस सागर से जोड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**21. धारणीय कृषि-खाद्य प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक रूप से व्यवहार्य कृषि उत्पादन, वितरण, उपभोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन के लिये एक समग्र दृष्टिकोण है।
2. पोक्कली चावल, केरल की समुद्र स्तर से नीचे कृषि प्रणाली कुट्टनाड सतत् कृषि खाद्य प्रणालियों के उदाहरण हैं।
3. भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) द्वारा कृषि-खाद्य प्रणाली में धारणीयता को बढ़ावा देने के लिये केरल में 16वीं कृषि विज्ञान कॉन्ग्रेस (ASC) का आयोजन किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**22. 'श्वेत फॉस्फोरस युद्ध सामग्री' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्वेत फॉस्फोरस एक पायरोफोरिक अर्थात् स्वत: ज्वलनशील है जो ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर प्रज्वलित होता है, जिससे गाढ़ा, हल्का धुआँ और साथ ही 815 डिग्री सेल्सियस की तीव्र उष्मा उत्पन्न होती है।
2. श्वेत फॉस्फोरस तोप के गोले, बम और रॉकेट में प्रयुक्त होता है और इसका उपयोग परमाणु रिएक्टरों में किया जा सकता है।
3. श्वेत फॉस्फोरस बम का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित (blanket ban) नहीं है, हालाँकि इनका उपयोग IHL के तहत विनियमित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**23. विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विझिंजम इंटरनेशनल ट्रांसशिपमेंट डीपवाटर मल्टीपर्पज़ सीपोर्ट केरल सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना है।
2. इसे वर्तमान में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के साथ डिज़ाइन, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और अंतरण ("DBFOT") आधार पर संरचित घटक के साथ विकसित किया जा रहा है।
3. यह कोलंबो, सिंगापुर और दुबई जैसे वैश्विक ट्रांसशिपमेंट केंद्रों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने की स्थिति में है, जिससे विदेशी गंतव्यों तक कंटेनर आवाजाही की लागत कम हो जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**24. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| मिशन | देश |
|---|---|
| 1. अपोलो 11 | a. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2. चांग'ई 1 | b. चीन |
| 3. गगनयान | c. भारत |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**25. रासायनिक हथियारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विशेष रूप से हथियार के रूप में हानिकारक रसायनों का प्रयोग करने हेतु डिज़ाइन की गई युद्ध सामग्री, उपकरण और अन्य उपकरण रासायनिक हथियारों की परिभाषा के अंतर्गत आते हैं।
2. रासायनिक हथियार अभिसमय (CWC) एक बहुपक्षीय संधि है जो रासायनिक हथियारों को प्रतिबंधित करती है और निर्धारित समय के भीतर उन्हें नष्ट करना अनिवार्य करती है।
3. भारत अभी तक रासायनिक हथियार अभिसमय का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 92वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के अनुसार किसी पार्टी के कम-से-कम दो-तिहाई सदस्यों को कानून की दृष्टि में वैधता प्राप्त करने के लिये "विलय" के पक्ष में होना अनिवार्य है।
2. दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित सदस्य किसी भी राजनीतिक दल से उसी सदन की एक सीट के लिये चुनाव लड़ सकता है।
3. दलबदल विरोधी कानून ऐसी कोई समय-सीमा नहीं निर्धारित करता है जिसके भीतर पीठासीन अधिकारी को दल-बदल मामले का फैसला करना अनिवार्य होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेज़ॅन नदी बेसिन गुयाना, कोलंबिया, इक्वाडोर, बोलीविया, सूरीनाम, फ्रेंच गुयाना और वेनेज़ुएला के कुछ हिस्सों को कवर करता है।
2. अमेज़ॅन वर्षावन पूर्व में एंडीज़ पर्वत और पश्चिम में अटलांटिक महासागर से घिरा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**28. भारत में पोषक अनाज (बाजरा) उत्पादन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व में पोषक अनाजों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
2. महाराष्ट्र भारत का सबसे बड़ा बाजरा उत्पादक राज्य है।
3. भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र को वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने का सुझाव दिया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. भारत में न्यूनतम समर्थन मूल्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) भारत में विभिन्न फसलों के लिये MSP को मंज़ूरी देता है।
2. CACP 22 अनिवार्य फसलों के लिये MSP और गन्ने के लिये उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) की सिफारिश करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**30. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. डीप ओशन मिशन
2. सागरमाला परियोजना
3. O-स्मार्ट
4. भारतमाला परियोजना

**उपर्युक्त में से कितनी पहलें नीली अर्थव्यवस्था से संबंधित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूक्ष्म शैवाल समुद्र की सतह की सबसे ऊपरी परत पर व्याप्त होते हैं।
2. हालाँकि सूक्ष्म शैवाल समुद्र में प्राथमिक उत्पादकों में से हैं, लेकिन स्थलीय पौधों की तुलना में उनकी प्रकाश संश्लेषक दक्षता कम होती है।
3. सूक्ष्म शैवाल सूर्य की रोशनी एवं आयरन की कम उपलब्धता में भी भोजन का उत्पादन कर सकते हैं, साथ ही CO2 को भी अवशोषित कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**32. जगन्नाथ मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कलिंग वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें विशिष्ट घुमावदार मीनारें, जटिल नक्काशी और अलंकृत मूर्तियाँ हैं।
2. इसे 'यमनिका तीर्थ' भी कहा जाता है, जहाँ हिंदू मान्यताओं के अनुसार, भगवान जगन्नाथ की उपस्थिति के कारण पुरी में मृत्यु के देवता 'यम' की शक्ति समाप्त हो गई थी।
3. स्नान यात्रा जगन्नाथ मंदिर के देवताओं से जुड़ा एक प्रमुख त्योहार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**33. बहुपक्षीय विकास बैंकों (MDB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये अंतर्राष्ट्रीय संस्थान हैं जिनमें विकसित और विकासशील दोनों देश शामिल हैं।
2. विकसित देश MDB ऋण देने में योगदान करते हैं, जबकि विकासशील देश आमतौर पर विकास परियोजनाओं के लिये उनसे उधार लेते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रेफाइट कार्बन से बना और प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला खनिज है, यह कार्बन के तीन क्रिस्टलीय रूपों में से एक है।
2. ग्रेफाइट विद्युत का अच्छा सुचालक है किंतु ऊष्मा का कुचालक है।
3. ग्रेफाइट में इसकी परतदार संरचना के कारण चिकनाई जैसे गुण होते हैं जिससे वे आसानी से एक-दूसरे से आगे खिसक सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**35. SDG शिखर सम्मेलन 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महामारी से पहले के युग की तुलना में वार्षिक SDG फंडिंग अंतर कम हो गया है।
2. अदीस अबाबा एक्शन एजेंडा सतत् विकास के वित्तपोषण के लिये एक वैश्विक ढाँचा है।
3. SDG के लिये ऋण स्वैप कम आय वाले देशों में पूंजी जुटाने के अवसर प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**36. अग्निवीरों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अग्निवीरों को अग्निपथ योजना के माध्यम से तीनों सेवाओं (सेना, नौसेना और वायु सेना) में भर्ती किया जाता है।
2. परिवार को अग्निवीर की मृत्यु की तारीख से शेष कार्यकाल के लिये 13 लाख रुपए से अधिक का भुगतान भी मिलता है, साथ ही सशस्त्र बल युद्ध हताहत कोष से 8 लाख रुपए का योगदान भी मिलता है।
3. सेवा निधि एक ऐसी योजना है जिसमें अग्निवीर द्वारा लगभग 30% योगदान दिया जाता है और भारत सरकार द्वारा भी उतना ही योगदान दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**37. संसद में प्रश्न उठाने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सांसद एक दिन में प्रश्नों की अधिकतम 5 सूचनाएँ (मौखिक और लिखित दोनों) जमा कर सकते हैं।
2. आमतौर पर किसी प्रश्न के लिये नोटिस की अवधि कम से कम 17 दिन होती है, लेकिन अल्प सूचना प्रश्न के मामले में 8 दिन से कम का नोटिस न्यूनतम अवधि के रूप में निर्धारित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समुद्री बादल मुख्य रूप से सल्फेट्स और समुद्री लवणीय क्रिस्टल से बनते हैं।
2. स्वच्छ समुद्री हवा में समुद्री बादलों में उच्च प्रकाश प्रतिबिंब के साथ बड़ी बूंदें बनती हैं।
3. समुद्री क्लाउड ब्राइटनिंग (MCB) की प्रक्रिया प्रवाल विरंजन घटनाओं की आवृत्ति और गंभीरता कम हो सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**39. लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLMs) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LLM जेनरेटिव AI मॉडल का एक विशिष्ट वर्ग है जिसे मानव की तरह टेक्स्ट को समझने और टेक्स्ट को विकसित के लिये प्रशिक्षित किया जाता है।
2. ये मॉडल गहन शिक्षण तकनीकों, विशेष रूप से तंत्रिका नेटवर्क का उपयोग करके बनाए गए हैं।
3. वे संकेत या इनपुट दिये जाने पर सुसंगत और संदर्भ के आधार पर प्रासंगिक टेक्स्ट सृजित कर सकते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**40. पूंजीगत व्यय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लंबी अवधि की परिसंपत्तियों या निवेशों को प्राप्त करने, सुधारने या विस्तारित करने से संबंधित व्यय, जिनसे एक वित्तीय वर्ष से अधिक के लिये लाभ होने की उम्मीद है।
2. इसमें नई मशीनरी प्राप्त करना, नियमित मशीनरी रखरखाव, कर्मचारी वेतन, विज्ञापन लागत, उपयोगिता बिल शामिल हैं।
3. यह मूल्यह्रास या परिशोधन के अधीन है, जिससे कर प्रभाव में देरी होती है और प्रायः खरीद के वर्ष में कर योग्य आय कम हो जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**41. मंगल ग्रह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हमारे सौर मंडल में बुध के बाद दूसरा सबसे छोटा ग्रह है।
2. इसके दो प्राकृतिक उपग्रह हैं, जिन्हें फोबोस और डीमोस के नाम से जाना जाता है।
3. मंगल ग्रह पर ओलंपस मॉन्स हमारे सौर मंडल का सबसे ऊँचा ज्वालामुखी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**42. वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रावैधिकी सलाह पर सहायक निकाय (SBSTTA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जैवविविधता पर कन्वेंशन (CBD) के तहत एक वैज्ञानिक सलाहकार निकाय है।
2. इसका उद्देश्य पार्टियों के सम्मेलन (COP) और इसके अन्य सहायक निकायों को कन्वेंशन के कार्यान्वयन के संबंध में समय पर सलाह प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**43. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन शुरू में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) अधिनियम, 1949 के तहत किया गया था। और तिब्बत (चीन) के साथ अपनी सीमा की सुरक्षा के लिये भारत के प्राथमिक सीमा गश्ती संगठन के रूप में कार्य करता है।
2. यह भारत का एक विशेष पर्वतीय बल है, जिसे वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**44. भारत में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिये तकनीकी हस्तक्षेप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धूल निरोधक सल्फर लवण से बने होते हैं, जिन्हें जल में मिलाया जाता है और फिर सड़कों पर छिड़का जाता है।
2. विंड ऑग्मेंटेशन एंड एयर प्यूरीफाइंग यूनिट (WAYU) तकनीक का उद्देश्य आयनीकरण प्रक्रियाओं के माध्यम से प्रदूषकों को बेअसर करना है।
3. स्मॉग टॉवर वायु शोधक हैं जो एक बड़े शहरी इलाके में कण पदार्थ और प्रदूषकों को कम करने का लक्ष्य रखते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**45. बायोमास को-फायरिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बायोमास को-फायरिंग कोयला तापीय संयंत्रों में ईंधन के एक हिस्से को बायोमास से प्रतिस्थापित करने की प्रथा है।
2. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (PSL) के तहत एक योग्य गतिविधि के रूप में 'बायोमास पेलेट विनिर्माण' को मंज़ूरी दे दी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**46. 'एवियन इन्फ्लूएंज़ा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एवियन इन्फ्लूएंज़ा, जिसे आमतौर पर 'बर्ड फ्लू' भी कहा जाता है, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है जो मुख्य रूप से पक्षियों, विशेष रूप से जंगली पक्षियों तथा घरेलू मुर्गीपालन को प्रभावित करता है।
2. अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंज़ा (HPAI) को नियंत्रित करने के लिये भारत का दृष्टिकोण एवियन इन्फ्लूएंज़ा के नियंत्रण और रोकथाम के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना (संशोधित- 2021) में उल्लिखित "डिटेक्ट एंड कल (detect and cull)" की नीति का अनुसरण करता है।
3. भारत में अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंज़ा (HPAI) H5N1 और H5N8 दोनों का प्रकोप देखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**47. आपराधिक प्रक्रिया पहचान अधिनियम (CrPI), 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आपराधिक प्रक्रिया पहचान अधिनियम (CrPI), 2022 केंद्रीय जाँच एजेंसियों को गिरफ्तार व्यक्तियों के रेटिना और आईरिस स्कैन जैसे भौतिक एवं जैविक नमूने एकत्र करने, संग्रहीत करने तथा उनका विश्लेषण करने का अधिकार देता है।
2. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) को अधिनियम को लागू करने तथा मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) स्थापित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।
3. CrPI अधिनियम में सीधे तौर पर जाँच के उद्देश्य से DNA नमूनों और फेस मैचिंग प्रक्रियाओं के उपयोग का उल्लेख किया गया है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**48. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिकांश OECD सदस्य देश उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनका मानव विकास सूचकांक (HDI) बहुत अधिक है तथा उन्हें विकसित देश माना जाता है।
2. भारत इसका सदस्य नहीं है, लेकिन संगठन का एक प्रमुख आर्थिक भागीदार है।
3. OECD द्वारा "गवर्नमेंट एट ए ग्लांस" नाम से एक रिपोर्ट जारी की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**49. स्वच्छता और पादप स्वच्छता (SPS) समझौता निम्नलिखित में से किस संगठन से जुड़ा है?**

A. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

B. विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)

C. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

D. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)

**50. डेंगू के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जीनस एनोफेल वर्ग के अंतर्गत आने वाली मादा मच्छर की विभिन्न प्रजातियों द्वारा प्रसारित होता है जो चिकनगुनिया और जीका संक्रमण भी फैलाता है।
2. डेंगू को नियंत्रित करने के लिये वोल्बाचिया विधि का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा सकता है।
3. भारत के राष्ट्रीय जैविक विज्ञान केंद्र ने डेंगू बुखार के लिये देश का पहला और एकमात्र DNA वैक्सीन उम्मीदवार विकसित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भूमि क्षरण तटस्थता (LDN) एक सीधी-सरल अवधारणा है जिसका उपयोग वनोन्मूलन पर रोक लगाने और निम्नीकृत भूमि की पुनर्स्थापना के लिये एक बहुमुखी उपकरण के रूप में किया जा सकता है।
2. बॉन चैलेंज का लक्ष्य वर्ष 2030 तक कुल 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनर्स्थापित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**52. ओलंपिक खेलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2021 में नए ओलंपिक आदर्श वाक्य को सिटियस-अल्टियस-फोर्टियस से परिवर्तित कर सिटियस, अल्टियस, फ़ोर्टियस-कम्युनिटर कर दिया गया।
2. पहला आधुनिक ओलंपिक ग्रीस के एथेंस में आयोजित किया गया था।
3. ओलंपिक खेलों में समर गेम्स, विंटर गेम्स, यूथ ओलंपिक गेम्स और पैरालिंपिक शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**53. इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ISM को वर्ष 2021 में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (MeitY) के तत्त्वावधान में लॉन्च किया गया था।
2. यह देश में संधारणीय सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम के विकास के लिये व्यापक कार्यक्रम का हिस्सा है।
3. इस कार्यक्रम का उद्देश्य अर्द्धचालक, डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग और डिज़ाइन इकोसिस्टम में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**54. आर्थिक नीतियों के संबंध में बाइडनॉमिक्स शब्द कभी-कभी चर्चा में रहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसके अर्थ को सही ढंग से दर्शाता है?**

A. यह नीतियों का एक समूह है जो कर कटौती, विनियमन, घरेलू खर्च में कटौती और मुद्रास्फीति में कमी पर ज़ोर देता है।
B. यह नीतियों का एक समूह है जो उच्च आय वाले व्यक्तियों और निगमों पर कर वृद्धि द्वारा वित्तपोषित राहत उपायों, बुनियादी ढाँचे में निवेश और सुरक्षा जाल को मज़बूत करने पर ज़ोर देता है।
C. यह नीतियों का एक समूह है जो व्यापार संरक्षणवाद, आप्रवासन प्रतिबंध और वैश्विक मामलों से अलगाववाद पर ज़ोर देता है।
D. यह नीतियों का एक समूह है जो वैश्विक संपत्ति कर द्वारा वित्तपोषित पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों पर ज़ोर देता है।

**55. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य खेती के लिये जल की पहुँच में वृद्धि करना, सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करना था।
2. यह वर्ष 2015 में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
3. इसमें त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम और ऑन-फार्म जल प्रबंधन योजनाओं को एकीकृत किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**56. अटल भूजल योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अटल भूजल योजना सतत् भूजल प्रबंधन की सुविधा के लिये एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसका क्रियान्वन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।
3. इस योजना को भारत सरकार एवं विश्व बैंक द्वारा 50:50 के आधार पर वित्तपोषित किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**57. पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे उर्वरक विभाग द्वारा अप्रैल 2010 से लागू किया गया है।
2. इस व्यवस्था के तहत किसानों को रियायती दरों पर यूरिया उपलब्ध कराया जाता है।
3. इसका उद्देश्य फॉस्फेटिक और पोटैशिक (P&K) उर्वरकों की खपत को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**58. 5T पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 5T पहल तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है।
2. यह एक शासन मॉडल है जो टीम वर्क, पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी, समय-सीमा और बदलाव के लिये प्रयुक्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I: नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, हरित हाइड्रोजन को हाइड्रोजन उत्पादन के रूप में परिभाषित किया गया है जो प्रति किलोग्राम हाइड्रोजन पर 2 किलोग्राम से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित नहीं करता है।**

**कथन II: हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिये भारत के मानक बायोमास के उपयोग की अनुमति देते हैं, जिनको जलाने पर कार्बन उत्सर्जन भी होता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I एवं कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I एवं कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन II सही है।

नोट :

**60. राष्ट्रीय गोकुल मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. इस मिशन को दिसंबर 2014 से स्वदेशी गोजातीय नस्लों के विकास और संरक्षण के लिये लागू किया गया है।
2. यह योजना 2400 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ वर्ष 2021 से वर्ष 2026 तक अम्ब्रेला योजना राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना के तहत भी जारी है।
3. राष्ट्रीय गोकुल मिशन के लिये ज़िम्मेदार नोडल मंत्रालय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय है।
4. मिशन का एक उद्देश्य प्रजनन उद्देश्यों के लिये उच्च आनुवंशिक योग्यता वाले बैलों के उपयोग को कम करना है।

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 1 और 4
D. केवल 1 और 3

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I: ICJ के पास दो प्रकार के क्षेत्राधिकार हैं अर्थात् राज्यों के बीच उनके द्वारा प्रस्तुत किये गए कानूनी विवाद (विवादास्पद मामले) और संयुक्त राष्ट्र के अंगों तथा विशेष एजेंसियों (सलाहकार कार्यवाही) के साथ संदर्भित कानूनी प्रश्नों पर सलाहकारी राय के लिये अनुरोध।**

**कथन II: ICJ अंतर्राष्ट्रीय कानून पर के आधार पर विवादों का समाधान करता है और मार्गदर्शन प्रदान करता है, जिसमें संधियाँ, रीति-रिवाज, मूल विधि सिद्धांत, न्यायालय के फैसले और विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि शामिल हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II , कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**62. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. तुर्कमेनिस्तान
2. उज़्बेकिस्तान
3. भारत
4. कज़ाखस्तान

**उपर्युक्त में से कितने देश काज़िंद-2023 अभ्यास में भाग ले रहे हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. उपर्युक्त सभी

**63. स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (APAAR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 'एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी' पहल का हिस्सा है।
2. APAAR डिजिलॉकर के प्रवेश द्वार के रूप में भी कार्य करेगा।
3. पहल के तहत प्रत्येक छात्र को केवल 14 वर्षों के लिये एक APAAR आईडी मिलेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**64. राष्ट्रीय हरित अधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत स्थापित एक विशेष निकाय है।
2. अधिकरण के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाती है।
3. राष्ट्रीय हरित अधिकरण में सदस्यों की कुल संख्या 10 से कम नहीं होनी चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**65. थैलियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. थैलियम एक अधातु है जिसमें स्वाद और रंग दोनों का अभाव होता है।
2. थैलियम की विषाक्त प्रकृति के कारण इसका उपयोग प्रतिबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**66. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **चक्रवात** | | **देश** |
|---|---|---|---|
| 1. | टाइफून | a. | दक्षिण-पूर्व एशिया |
| 2. | हरिकेन | b. | उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया |
| 3. | टॉर्नेडो | c. | पश्चिम अफ्रीका और दक्षिणी अमेरिका |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**67. CERT-In के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कंप्यूटर सुरक्षा संबंधी इवेंट्स के घटित होने पर प्रतिक्रिया देने के लिये राष्ट्रीय नोडल एजेंसी है।
2. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कार्यात्मक संगठन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**68. भारत में तटीय प्रबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने जलवायु परिवर्तन के कारण तटरेखा परिवर्तन का प्रबंधन करने के लिये भारत के तटों के लिये खतरे की रेखा का निर्धारण किया है।
2. जैविक विविधता अधिनियम, 2002 का उद्देश्य नो डेवलपमेंट ज़ोन को परिभाषित करते हुए क्षरण नियंत्रण उपायों की अनुमति देकर तटीय क्षेत्रों और आजीविका का संरक्षण करना है।
3. तटीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (CMIS) संवेदनशील हिस्सों पर सुरक्षा संरचनाओं को डिज़ाइन करने और बनाए रखने के लिये तट के निकट तटीय डेटा को एकत्र करती है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**69. ग्रुप ऑफ सेवन (G7) के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. G7 एक वैश्विक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था।
2. G7 देश यूके, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, भारत और अमेरिका हैं।
3. G7 का सचिवालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में स्थित है और इसका अध्यक्ष पद सदस्य देशों के बीच दो वर्ष में स्थानांतरित होता रहता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**70. हमास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हमास एक फिलिस्तीनी राजनीतिक सशस्त्र समूह है जिसकी स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष 1997 से हमास को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है, जबकि कोई अन्य देश यह दृष्टिकोण नहीं अपनाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या भाग-2

**1. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 19वीं सदी के अंत में फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिये एक राष्ट्रीय मातृभूमि की स्थापना के लक्ष्य के साथ ज़ायोनी आंदोलन की शुरुआत हुई। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रथम विश्व युद्ध के बाद इस आंदोलन को और बल मिला, साथ ही इसे वर्ष 1917 की बाल्फोर घोषणा (जिसके द्वारा फिलिस्तीन में एक यहूदी राष्ट्र-राज्य की स्थापना हेतु समर्थन प्रदान किया गया था) का प्रोत्साहन भी प्राप्त हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वर्ष 1947 में संयुक्त राष्ट्र ने फिलिस्तीन को अलग-अलग यहूदी और अरब राज्यों में विभाजित करने वाली एक विभाजन योजना का प्रस्ताव रखा, जिसके अनुसार यरुशलम एक अंतर्राष्ट्रीय शहर होगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**


**2. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**केन और बेतवा नदियाँ:**

- केन तथा बेतवा नदियों का उद्गम मध्य प्रदेश में होता है और ये दोनों यमुना की सहायक नदियाँ हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- केन नदी उत्तर प्रदेश के बांदा ज़िले के पास यमुना नदी से मिलती है और बेतवा उत्तर प्रदेश के हमीरपुर ज़िले में यमुना से मिलती है।
- राजघाट, पारीछा और माताटीला बाँध बेतवा नदी पर स्थित हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- केन नदी पन्ना टाइगर रिज़र्व से होकर गुज़रती है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :




**3. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय सूचना आयोग (Central Information Commission- CIC):**

- स्थापना: CIC की स्थापना सूचना का अधिकार अधिनियम (2005) के प्रावधानों के तहत वर्ष 2005 में केंद्र सरकार द्वारा की गई थी। यह कोई संवैधानिक निकाय नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सदस्य: इस आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त और अधिकतम दस सूचना आयुक्त होते हैं।
- नियुक्ति: उनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है जिसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।
- कार्यकाल: मुख्य सूचना आयुक्त और एक सूचना आयुक्त केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) पद पर बने रहेंगे। वे पुनर्नियुक्ति के पात्र नहीं हैं (वर्ष 2019 में RTI अधिनियम, 2005 में किये गए संशोधन के अनुसार)। **अतः कथन 2 सही है।**
- CIC की शक्तियाँ और कार्य:
  - आयोग का कर्तव्य है कि वह सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत किसी विषय पर प्राप्त शिकायतों के मामले में संबंधित व्यक्ति से पूछताछ करे।
  - आयोग उचित आधार होने पर किसी भी मामले में स्वतः संज्ञान (Suo-Moto Power) लेते हुए जाँच का आदेश दे सकता है।
  - आयोग के पास पूछताछ करने हेतु सम्मन भेजने, दस्तावेज़ों की आवश्यकता आदि के संबंध में सिविल कोर्ट की शक्तियाँ होती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**4. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मूलतः काजू लैटिन अमेरिका में पूर्वोत्तर ब्राज़ील में पाया जाता था और 16वीं शताब्दी (1570) में इसे पुर्तगालियों द्वारा गोवा लाया गया तथा गोवा काजू नाम दिया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- अच्छी जल निकास वाली गहरी बलुई दोमट मिट्टी काजू की खेती के लिये सर्वोत्तम होती है। इसके लिये भारी चिकनी मिट्टी उपयुक्त नहीं होती, क्योंकि काजू का पौंधा जल जमाव को सहन नहीं कर पाता। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अनुसार, वर्ष 2021-2022 में महाराष्ट्र काजू का अग्रणी उत्पादक रहा है, इसके बाद आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मेघालय, गुजरात का स्थान है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**5. उत्तर: D**

- ओज़ोन छिद्र अंटार्कटिका के ऊपर समताप मंडल का एक क्षेत्र है जहाँ ओज़ोन परत का असामान्य रूप से क्षय हो गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - ओज़ोन छिद्र तकनीकी रूप से कोई “छिद्र” नहीं है। बल्कि छिद्र शब्द का उपयोग वैज्ञानिक उस क्षेत्र के लिये एक रूपक के तौर पर करते हैं जिसमें ओज़ोन सांद्रता 220 डॉब्सन इकाइयों की वांछित सीमा से बहुत नीचे पहुँच जाती है।
- ओज़ोन क्षरण संकट से निपटने के लिये अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने कार्रवाई की आवश्यकता को पहचाना, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1985 में वियना कन्वेंशन और उसके बाद वर्ष 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की पुष्टि की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**6. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य शांति और सुरक्षा को सुविधाजनक बनाना, नागरिकों की रक्षा करना एवं स्थिर शासन संरचनाओं की बहाली का समर्थन करना है। **अतःकथन 1 सही है।**
- यह अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त प्रयास में संयुक्त राष्ट्र महासभा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, सचिवालय, सेना एवं पुलिस योगदानकर्ताओं और मेज़बान सरकारों को संयुक्त करता है।
- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (UNSC) ने हैती में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने, महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे की रक्षा और बढ़ती हिंसा को नियंत्रित करने के लिये केन्या के नेतृत्व में बहुराष्ट्रीय सुरक्षा मिशन (MSS) को मंज़ूरी दे दी है। **अतःकथन 2 सही है।**
- हैती में वर्ष 2017 में संपन्न हुए पिछले संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के विपरीत यह नया बहुराष्ट्रीय सुरक्षा मिशन (Multinational Security Support- MSS) संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित नहीं किया जाएगा। **अतःकथन 3 सही है।**
- केन्या ने बहामास, जमैका और एंटीगुआ तथा बारबुडा जैसे अन्य देशों के समर्थन से, बल का नेतृत्त्व करने के लिये स्वेच्छा से कार्य किया है।

**7. उत्तर: (D)**

**व्याख्या:**

- मीथेन एक अत्यधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, औद्योगिक क्रांति के बाद से वैश्विक स्तर पर कुल ग्लोबल वार्मिंग के लगभग 30% के लिये यह एकल रूप से ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वायुमंडल में अपने जीवनकाल के पहले 20 वर्षों में मीथेन की ऊष्मा उत्पन्न करने की क्षमता कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 80 गुना अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मीथेन सतह स्तरीय ओज़ोन प्रदूषण का प्राथमिक कारण है और मीथेन उत्सर्जन को कम करने के प्रयासों से “वर्ष 2050 तक समय से पूर्व होने वाली लगभग दस लाख मौतों को रोकने में मदद मिल सकती है, यह संख्या एम्स्टर्डम, नीदरलैंड की वर्तमान आबादी के बराबर है।” **अतः कथन 3 सही है।**

**8. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह एक कवक-आधारित तरल विलयन है जो पराली को इतना गला/सड़ा सकता है कि इसे मिट्टी के साथ मिलाकर खाद के रूप में आसानी से उपयोग किया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें कवक 30-32 डिग्री सेल्सियस पर पनपता है, जो कि धान की कटाई और गेहूँ की बुवाई के लिये आवश्यक प्रचलित तापमान है।
- यह धान के भूसे में सेल्यूलोज़, लिग्निन और पेक्टिन को पचाने योग्य एंज़ाइम का उत्पादन करता है।
- यह फसल अवशेष, पशु अपशिष्ट, गोबर और अन्य कचरे को तेज़ी से जैविक खाद में परिवर्तित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (Indian Council of Agricultural Research- ICAR) द्वारा विकसित किया गया है और दिल्ली के पूसा स्थित ICAR परिसर के नाम पर रखा गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**9. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नवरत्न कंपनियाँ:**

- नवरत्न का दर्जा पहली बार वर्ष 1997 में पेश किया गया था। वर्तमान में भारत में 16 नवरत्न कंपनियाँ हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने के लिये एक फर्म को प्रारंभ में मिनीरत्न श्रेणी में शामिल होना होगा और उसे छह प्रदर्शन मानदंडों के अनुसार 60 या अधिक (100 में से) का स्कोर हासिल करना होगा, जिसमें नेट प्रॉफिट से लेकर नेट वर्थ, प्रति शेयर आय एवं अंतर-क्षेत्रीय प्रदर्शन जैसे मेट्रिक्स शामिल होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**10. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में गर्भपात से संबंधित कानूनी प्रावधान:**

- 1960 के दशक तक भारत में गर्भपात अवैध था। विनियमों की आवश्यकता की जाँच करने के लिये वर्ष 1960 के दशक के मध्य में शांतिलाल शाह समिति का गठन किया गया था। परिणामस्वरूप, वर्ष 1971 का मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (MTP) अधिनियम पारित किया गया, जिससे सुरक्षित गर्भपात को वैध बनाया गया और महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा की गई।
  - वर्ष 1971 का MTP अधिनियम, लाइसेंस प्राप्त चिकित्सा पेशेवरों को कानून के तहत प्रदान की गई विशिष्ट पूर्व निर्धारित स्थितियों में गर्भपात करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - MTP अधिनियम में वर्ष 2021 में संशोधन किया गया था ताकि कुछ श्रेणियों की महिलाओं, जैसे कि बलात्कार पीड़िताओं, नाबालिगों, मानसिक रूप से बीमार महिलाओं आदि को गर्भधारण के 24 सप्ताह तक गर्भपात कराने की अनुमति दी जा सके, इसे पूर्व की तुलना में 20 सप्ताह से अधिक बढ़ाया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - यह राज्य-स्तरीय मेडिकल बोर्ड का गठन करता है जो यह तय करता कि भ्रूण में पर्याप्त असामान्यताओं के मामलों में 24 सप्ताह के बाद गर्भावस्था को समाप्त किया जा सकता है या नहीं।
  - MTP अधिनियम सुरक्षित गर्भपात सेवाओं तक पहुँचने में महिलाओं की गोपनीयता, निजता और गरिमा की सुरक्षा भी प्रदान करता है।

**11. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**धन विधेयक:**

- परिभाषा:
  - धन विधेयक एक वित्तीय कानून है जिसमें विशेष रूप से राजस्व, कराधान, सरकारी व्यय और उधार से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।
- संवैधानिक आधार:
  - अनुच्छेद 110 (1) के तहत किसी विधेयक को धन विधेयक समझा जाता है यदि वह अनुच्छेद 110 (1) (a) से (g) में निर्दिष्ट मामलों, विशेषकर कराधान, सरकार द्वारा उधार लेना और भारत की संचित निधि से धन के विनियोग से संबंधित है।
    - अनुच्छेद 110(1)(g) के अनुसार, "अनुच्छेद 110(1)(a)(f) में निर्दिष्ट किसी भी गतिविधि से जुड़ा कोई भी मामला" धन विधेयक हो सकता है।
  - संविधान के अनुच्छेद 110 (3) के अनुसार, "यदि कोई प्रश्न उठता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं", तो उस पर लोकसभा के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।
- प्रक्रिया:
  - धन विधेयक को लोकसभा में प्रस्तुत किया जाना चाहिये किंतु राज्यसभा (उच्च सदन) में यह प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- राज्यसभा किसी धन विधेयक पर केवल सिफारिशें कर सकती है लेकिन उसमें संशोधन करने या उसे अस्वीकार करने की शक्ति उसके पास नहीं है।
- राष्ट्रपति किसी धन विधेयक को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है लेकिन उसे पुनर्विचार के लिये वापस नहीं कर सकता। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें संयुक्त बैठक का कोई प्रावधान नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**12. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव:**

- परिचय:
  - यह वैश्विक कनेक्टिविटी और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक बहुआयामी विकास रणनीति है।
  - इसे वर्ष 2013 में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका एवं यूरोप को स्थल तथा समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इस परियोजना को पहले 'वन बेल्ट, वन रोड' नाम दिया गया था, किंतु चीनी प्रभुत्व के बजाय अधिक खुले और समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाने के लिये इसका नाम बदलकर 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (BRI) कर दिया गया।
  - इस पहल में दो प्रमुख घटक शामिल हैं: सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट और समुद्री सिल्क रोड।
- बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत मार्ग:
  - सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट:
    - यह घटक भूमि परिवहन मार्गों के नेटवर्क के माध्यम से पूरे यूरेशिया में कनेक्टिविटी, बुनियादी ढाँचे और व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - समुद्री सिल्क रोड:
    - यह बंदरगाहों, शिपिंग मार्गों और समुद्री बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के रूप में समुद्री कनेक्टिविटी एवं सहयोग पर बल देता है।
- यह दक्षिण चीन सागर से शुरू होकर भारत-चीन, दक्षिण-पूर्व एशिया और फिर हिंद महासागर के आसपास होते हुए अफ्रीका तथा यूरोप तक पहुँचता है।
- उद्देश्य:
  - BRI का प्राथमिक लक्ष्य बुनियादी ढाँचे, व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ाकर अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है।
    - इस पहल में रेलवे, बंदरगाह, राजमार्ग और ऊर्जा बुनियादी ढाँचे सहित परियोजनाओं की एक विस्तृत शृंखला शामिल है।
- भौगोलिक गलियारे:
    - भूमि आधारित सिल्क रोड आर्थिक बेल्ट के विकास के लिये छह प्रमुख गलियारों की कल्पना करता है:
- चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (China-Pakistan Economic Corridor- CPEC)।
- न्यू यूरेशियन लैंड ब्रिज आर्थिक गलियारा।
- चीन-इंडोचाइना प्रायद्वीप आर्थिक गलियारा।
- चीन-मंगोलिया-रूस आर्थिक गलियारा।
- चीन-मध्य एशिया-पश्चिम एशिया आर्थिक गलियारा।
- चीन-म्याँमार आर्थिक गलियारा।

**13. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP), आसियान सदस्यों और मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के साझेदारों के बीच एक महत्त्वपूर्ण आर्थिक समझौता है। RCEP विश्व का सबसे बड़ा व्यापारिक ब्लॉक है। इसे सदस्य देशों के बीच आर्थिक एकीकरण, व्यापार उदारीकरण तथा सहयोग को बढ़ावा देने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**

- RCEP के सदस्य राष्ट्र वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 30% से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं। व्यापारिक समझौता विश्व की लगभग एक-तिहाई आबादी को कवर करता है। इसमें वैश्विक व्यापार पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- RCEP वार्ता वर्ष 2012 में शुरू हुई थी। इस पर आधिकारिक तौर पर नवंबर 2020 में हस्ताक्षर किये गए थे, जो क्षेत्रीय व्यापार के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण निर्णय है। इसे 1 जनवरी, 2022 को लागू किया गया।
- भारत RCEP का संस्थापक सदस्य राष्ट्र था। वर्ष 2019 में भारत ने RCEP वार्ता से हटने का निर्णय लिया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**14. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- चुनावी बॉण्ड प्रणाली को वर्ष 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से पेश किया गया था और इसे वर्ष 2018 में लागू किया गया था। बॉण्ड दानदाता की गुमनामी बनाए रखते हुए पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के लिये व्यक्तियों एवं संस्थाओं के लिये एक साधन के रूप में कार्य करते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- केवल जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29A के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल, जिन्होंने पिछले आम चुनाव में लोकसभा अथवा विधानसभा के लिये डाले गए वोटों में से कम-से- कम 1% वोट हासिल किये हों, चुनावी बॉण्ड खरीदने हेतु पात्र हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**15. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्वांटम स्टेट एक क्वांटम प्रणाली के भौतिक गुणों का गणितीय विवरण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्वांटम घटनाएँ प्रायः हमारे सामान्य अवधारणाओं का खंडन कर ब्रह्मांड के विषय में हमारी पारंपरिक समझ को चुनौती देती हैं।
- क्वांटम स्टेट्स किसी प्रणाली के गुणों का पूरा विवरण प्रदान करते हैं, जिसमें इसकी स्थिति, गति, ऊर्जा, चक्रण और अन्य अवलोकन योग्य राशियाँ शामिल होती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इन घटनाओं में से एक है: दो प्रकार के क्वांटम कणों बोसॉन और फर्मिऑन के बीच अंतर।
- बोसॉन ऐसे कण हैं जो समान क्वांटम अवस्था साझा कर सकते हैं, जबकि फर्मिऑन ऐसे कण हैं जो पॉली अपवर्ज़न सिद्धांत का पालन करते हैं, जो उन्हें समान क्वांटम अवस्था पर अधिग्रहण करने से रोकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**16. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कीमोथेरेपी एक प्रणालीगत कैंसर उपचार है लेकिन इसमें कई चुनौतियाँ हैं।
- इसमें तेज़ी से विभाजित होने वाली कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करना शामिल है, जिससे प्रायः क्रमादेशित कोशिका मृत्यु या एपोप्टोसिस होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालाँकि यह प्रणाली गैर-कैंसरग्रस्त कोशिकाओं को भी प्रभावित करती है। बड़ी संख्या में सामान्य कोशिकाओं वाला कोई भी ऊतक जो विभाजित हो रहा हो, जैसे पाचन तंत्र की कोशिकाएँ, अस्थि मज्जा और बालों के रोम भी कीमोथेराप्यूटिक एजेंटों से प्रभावित होते हैं तथा एपोप्टोसिस से पीड़ित होते हैं।
- यह कोशिका मृत्यु कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों का कारण बनती है, जैसे गुहा मुख और आँत की दर्दनाक सूजन, मतली, डायरिया, एनीमिया एवं बालों का झड़ना। **अतः कथन 2 सही है।**
- शोधकर्त्ताओं ने कुछ प्रकार के कैंसर के लिये अधिक लक्षित दृष्टिकोण के रूप में एंटीबॉडी-ड्रग संयुग्म (Antibody-Drug Conjugates-ADC) विकसित किया है।
- ADC में मुख्य रूप से कैंसर कोशिकाओं में पाए जाने वाले प्रोटीन को पहचान के लिये डिज़ाइन किये गए एंटीबॉडी में दवाएँ जोड़ना शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**17. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एंजेल टैक्स:**

- एंजेल टैक्स एक आयकर है जो 30.6% की दर से तब लगाया जाता है जब कोई असूचीबद्ध कंपनी किसी निवेशक को उसके उचित बाज़ार मूल्य से अधिक कीमत पर शेयर जारी करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रारंभ में एंजेल टैक्स केवल निवासी निवेशकों द्वारा किये गए निवेश पर लागू था। वित्त अधिनियम, 2023 ने विदेशी निवेशकों को भी इसमें शामिल करने के लिये इस प्रावधान का विस्तार किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मई 2023 में वित्त मंत्रालय ने अमेरिका, ब्रिटेन और फ्राँस जैसे 21 देशों के निवेशकों को भारतीय स्टार्ट-अप में अनिवासी निवेश के लिये एंजेल टैक्स लेवी से छूट दी। **अतः कथन 3 सही है।**

**18. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विमान नियमावली, 1937 में प्रमुख संशोधन:**

- ये संशोधन हवाई अड्डों के आसपास "फॉल्स लाइट्स" के प्रदर्शन से संबंधित चिंताओं का समाधान करके विमानन सुरक्षा को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग प्रक्रिया और अनावश्यक नियमावलियों को हटाने से अधिक व्यापार-अनुकूल वातावरण में योगदान मिल सकता है, निवेश आकर्षित हो सकता है तथा विमानन उद्योग में विकास को बढ़ावा मिल सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ये संशोधन भारत के विमानन नियमों को अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (International Civil Aviation Organization-ICAO) के मानकों और अनुशंसित प्रथाओं (SARP) तथा अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ संरेखित करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**19. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अलवार 12 वैष्णव (भगवान विष्णु के भक्त) संत-कवियों का एक समूह था। उनकी रचनाएँ मुख्य रूप से भगवान विष्णु के प्रति उनकी गहरी भक्ति पर केंद्रित थीं और मोक्ष प्राप्त करने के लिये समर्पण की अवधारणा पर बल देती थीं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- नयनार, 63 शैव (भगवान शिव के भक्त) संत-कवियों का एक समूह था। वे भगवान शिव के प्रति समर्पित थे और अपनी स्तुति में भजन और कविताओं की रचना करते थे, जिसमें भक्ति के मार्ग और परमात्मा के प्रति प्रेम पर बल दिया जाता था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ओधुवर तमिलनाडु के हिंदू मंदिरों में भजन गायन करते हैं लेकिन वे पुजारी नहीं होते हैं। उनका मुख्य कार्य शैव मंदिरों में भगवान शिव की स्तुति करना है, ये गीत-भजन थिरुमुराई भजन संग्रह से लिये जाते हैं। वे भक्ति भजन गाते हैं, उन्हें पवित्र गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति नहीं होती है।
    - ओधुवरों की परंपरा का पता प्राचीन काल से लगाया जा सकता है, जिसकी जड़ें भक्ति आंदोलन में मज़बूती से जुड़ी हुई हैं, जो तमिलनाडु में 6ठी और 9वीं शताब्दी के दौरान अच्छी तरह विकसित हुई। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**20. उत्तर: D**

**व्याख्या :**

- सिनाई प्रायद्वीप मिस्र में एक त्रिकोण के आकार का प्रायद्वीप है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**




- इस प्रायद्वीप की सीमा उत्तर में भूमध्य सागर, दक्षिण में लाल सागर और पूर्व में अकाबा की खाड़ी से लगती है। प्रायद्वीप में स्वेज़ नहर शामिल है, जो एक मानव निर्मित जलमार्ग है और भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**21. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- धारणीय कृषि-खाद्य प्रणाली पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक रूप से व्यवहार्य कृषि उत्पादन, वितरण, उपभोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन के लिये एक समग्र दृष्टिकोण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में कई धारणीय और जलवायु प्रतिरोधी कृषि पद्धतियाँ हैं जो विश्व स्तर पर महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (Globally Important Agricultural Heritage Systems- GIAHS) से मान्यता प्राप्त हैं, जैसे पोक्कली चावल, केरल के समुद्र स्तर के नीचे कुट्टनाड कृषि प्रणाली आदि। **अतः कथन 2 सही है।**
- हाल ही में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने कृषि-खाद्य प्रणाली में धारणीयता को प्रोत्साहित करने के लिये केरल के कोच्चि में 16वीं कृषि विज्ञान कॉन्ग्रेस (Agricultural Science Congress- ASC) का उद्घाटन किया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**22. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वैश्विक मानवाधिकार संगठनों- एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच ने इज़रायल रक्षा बलों (Israel Defense Forces- IDF) पर अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी कानून (IHL) का उल्लंघन करते हुए गाज़ा और लेबनान में श्वेत फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग करने का आरोप लगाया है।
- श्वेत फॉस्फोरस एक पायरोफोरिक अर्थात् स्वत: ज्वलनशील है जो ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर प्रज्वलित होता है, जिससे गाढ़ा, हल्का धुआँ और साथ ही 815 डिग्री सेल्सियस की तीव्र उष्मा उत्पन्न होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पायरोफोरिक पदार्थ वे होते हैं जो वायु के संपर्क में आने पर स्वतः बहुत तेज़ी से (5 मिनट से कम समय में) प्रज्वलित हो जाते हैं।
- श्वेत फॉस्फोरस तोप के गोले, बम और रॉकेट में प्रयुक्त होता है। इस रसायन में भिगोए गए फेल्ट (कपड़ा) वेजेज़ के माध्यम से भी इसका प्रयोग किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- श्वेत फॉस्फोरस बम का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित (blanket ban) नहीं है, हालाँकि इनका उपयोग IHL के तहत विनियमित है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**23. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विझिंजम इंटरनेशनल ट्रांसशिपमेंट डीपवाटर मल्टीपर्पज़ सीपोर्ट केरल सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्तमान में सार्वजनिक निजी भागीदारी के साथ डिज़ाइन, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और अंतरण ("DBFOT") आधार पर संरचित घटक के साथ विकसित किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह कोलंबो, सिंगापुर और दुबई जैसे वैश्विक ट्रांसशिपमेंट केंद्रों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने की स्थिति में है, जिससे विदेशी गंतव्यों तक कंटेनर आवाजाही की लागत कम हो जाएगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**24. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अपोलो 11 अमेरिकी अंतरिक्ष उड़ान थी जिसने पहली बार मानव को चंद्रमा पर उतारा था। अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।
- चांग'ई 1 चीन का एक मानव रहित चंद्र-परिक्रमा अंतरिक्ष यान था, जो चीन के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के पहले चरण का हिस्सा था। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- गगनयान परियोजना में 3 दिनों के मिशन के लिये 3 सदस्यों के दल को 400 किमी. की कक्षा में भेजकर और भारतीय समुद्री जल में सुरक्षित लैंडिंग के माध्यम से उन्हें पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित है। **अतः विकल्प D सही है।**

**25. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विशेष रूप से हथियार के रूप में हानिकारक रसायनों का प्रयोग करने हेतु डिज़ाइन की गई युद्ध सामग्री, उपकरण और अन्य उपकरण रासायनिक हथियारों की परिभाषा के अंतर्गत आते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- रासायनिक हथियार अभिसमय (CWC) एक बहुपक्षीय संधि है जो रासायनिक हथियारों को प्रतिबंधित करती है और निर्धारित समय के भीतर उन्हें नष्ट करना अनिवार्य करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने जनवरी 1993 में इस संधि पर हस्ताक्षर किये। CWC को लागू करने के लिये रासायनिक हथियार सम्मेलन अधिनियम, 2000 पारित किया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**26. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- दल-बदल विरोधी कानून एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में जाने पर संसद सदस्यों (सांसदों)/विधानसभा सदस्यों (विधायकों) को दंडित करता है।
- विधायकों को दल बदलने से हतोत्साहित करके सरकारों में स्थिरता लाने के लिये संसद ने वर्ष 1985 में इसे संविधान की दसवीं अनुसूची के रूप में जोड़ा।
    - दसवीं अनुसूची - जिसे दल-बदल विरोधी अधिनियम के नाम से जाना जाता है, को 52वें संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था।
- यह किसी अन्य राजनीतिक दल में दल-बदल के आधार पर निर्वाचित सदस्यों की अयोग्यता के प्रावधान निर्धारित करता है।
    - हालाँकि, यह सांसदों/विधायकों को दल-बदल के लिये दंड के बिना किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने (विलय) की अनुमति देता है। साथ ही दल-बदल करने वाले सांसदों का समर्थन या उन्हें स्वीकार करने के लिये राजनीतिक दलों को दंडित नहीं किया जाता है।
- वर्ष 1985 के अधिनियम के अनुसार, किसी राजनीतिक दल के एक-तिहाई निर्वाचित सदस्यों द्वारा 'दल-बदल' को 'विलय' माना जाता था।
    - लेकिन 91वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा इसमें बदलाव कर दिया गया और अब कानून की नज़र में वैधता के लिये किसी पार्टी के कम-से-कम दो-तिहाई सदस्यों को "विलय" के पक्ष में होना अनिवार्य है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- कानून के तहत अयोग्य घोषित सदस्य किसी भी राजनीतिक दल से उसी सदन की एक सीट के लिये चुनाव लड़ सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दल-बदल के आधार पर अयोग्यता से संबंधित मामलों पर निर्णय ऐसे सदन के सभापति अथवा अध्यक्ष को प्रेषित किया जाता है, यह प्रक्रिया 'न्यायिक समीक्षा' के अधीन है।
  - हालाँकि कानून ऐसी कोई समय-सीमा नहीं निर्धारित करता है जिसके भीतर पीठासीन अधिकारी को दल-बदल मामले का फैसला करना अनिवार्य होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**27. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अमेज़न वर्षावन विशाल उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं, जो उत्तरी दक्षिण अमेरिका में अमेज़न नदी और इसकी सहायक नदियों के जल निकासी बेसिन में मौजूद हैं तथा कुल 6,000,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं।
  - अमेज़ॅन बेसिन विश्व विशाल वर्षावन है, जो विश्व में वर्षावनों की कुल मात्रा के आधे से अधिक के लिये ज़िम्मेदार है।
- ब्राज़ील के कुल क्षेत्रफल का लगभग 40 प्रतिशत, पेरू और गुयाना, कोलंबिया, इक्वाडोर, बोलीविया, सूरीनाम, फ्रेंच गुयाना तथा वेनेज़ुएला के कुछ हिस्सों को मिलाकर, अमेज़न नदी बेसिन विश्व की सबसे बड़ी जल निकासी प्रणाली है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह उत्तर में गुयाना हाइलैंड्स, पश्चिम में एंडीज़ पर्वत, दक्षिण में ब्राज़ील के केंद्रीय पठार और पूर्व में अटलांटिक महासागर से घिरा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**



**28. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत विश्व में पोषक अनाजों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। यह वैश्विक उत्पादन में 20% और एशिया के उत्पादन में 80% की हिस्सेदारी रखता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राजस्थान भारत का सबसे बड़ा बाजरा उत्पादक राज्य है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र को वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने का सुझाव दिया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**




**29. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- MSP वह गारंटीकृत राशि है जो किसानों को तब दी जाती है जब सरकार उनकी फसल खरीदती है। MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP) की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है।
    - CACP कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- CACP, 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये MSP और गन्ने के लिये उचित तथा लाभकारी मूल्य (FRP) की सिफारिश करता है। अधिदिष्ट फसलों में खरीफ सीज़न की 14 फसलें, 6 रबी फसलें और 2 अन्य वाणिज्यिक फसलें शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**30. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नीली अर्थव्यवस्था:**

- विश्व बैंक के अनुसार, नीली अर्थव्यवस्था "समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को संरक्षित करते हुए आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और नौकरियों के लिये समुद्री संसाधनों का संधारणीय उपयोग है।"

- नीली अर्थव्यवस्था से संबंधित प्रमुख सरकारी पहलें:
  - डीप ओशन मिशन
  - सागरमाला परियोजना
  - O-स्मार्ट
  - एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन
  - नाविक (NavIC)
- हालाँकि भारतमाला परियोजना सड़क विकास का एक पारिस्थितिकी तंत्र है जिसमें कई स्थानों पर सबसे छोटी, जाम मुक्त और अनुकूलित कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये सुरंगों, पुलों, एलिवेटेड कॉरिडोर, फ्लाईओवर, ओवरपास, इंटरचेंज, बाईपास, रिंग रोड आदि का विकास शामिल है, यह भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित एवं वित्त पोषित सड़क व राजमार्ग परियोजना है। **अतः विकल्प C सही है।**

**31. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सूक्ष्म शैवाल प्रकाश संश्लेषक सूक्ष्मजीव हैं जो विभिन्न प्राकृतिक वातावरणों जैसे- जल, चट्टानों और मृदा में पाए जाते हैं। वे स्थलीय पौधों की तुलना में उच्च प्रकाश संश्लेषक दक्षता प्रस्तुत करते हैं तथा विश्व में ऑक्सीजन उत्पादन के एक महत्त्वपूर्ण अंश के लिये ज़िम्मेदार हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- समुद्री सूक्ष्म शैवाल समुद्री खाद्य शृंखला और कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
  - हालाँकि जैसा कि जलवायु परिवर्तन निरंतर जारी है, ग्लोबल वार्मिंग के कारण महासागरों का जल गर्म हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप सतही जल और पोषक तत्त्वों से भरपूर जल के बीच मिश्रण कम हो रहा है जिससे पोषक तत्त्वों की उपलब्धता कम हो रही है।

अत: सतह पर पोषक तत्त्व दुर्लभ हो जाते हैं, जिससे शीर्ष परत में मौजूद सूक्ष्म शैवाल जैसे प्राथमिक उत्पादक प्रभावित होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- लौह तत्त्व सहित पोषक तत्वों की यह कमी, सूक्ष्म शैवाल जैसे प्राथमिक उत्पादकों को प्रभावित करती है, जिससे वे कम भोजन बनाते हैं और वातावरण से ग्रहण की जाने वाली कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को कम कर देते हैं।
- सूक्ष्म शैवाल को भोजन बनाने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने के लिये सूर्य के प्रकाश तथा प्रचुर मात्रा में आयरन की आवश्यकता होती है, लेकिन समुद्र की सतह के 35% भाग पर उनकी वृद्धि के लिये आवश्यक आयरन की कमी है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**32. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जगन्नाथ मंदिर:**

- जगन्नाथ मंदिर पुरी, ओडिशा में स्थित एक भव्य मंदिर है जो भगवान जगन्नाथ के साथ उनके ज्येष्ठ भ्राता भगवान बलभद्र एवं अनुजा देवी सुभद्रा को समर्पित है।
  - इसका निर्माण 12वीं शताब्दी में गंग राजवंश के प्रसिद्ध राजा अनंत वर्मन चोडगंग देव द्वारा किया गया था।
  - इसे "व्हाइट पैगोडा" के रूप में जाना जाता है, यह चार धाम तीर्थयात्रा के चार तीर्थ स्थलों में से एक है।
- यह कलिंग वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें विशिष्ट घुमावदार मीनारें, जटिल नक्काशी और अलंकृत मूर्तियाँ हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह एक ऊँची दीवार से घिरा हुआ है जिसमें चार द्वार हैं, जिनमें से प्रत्येक द्वार का मुख मुख्य दिशा की ओर है।
- इसे 'यमनिका तीर्थ' भी कहा जाता है, जहाँ हिंदू मान्यताओं के अनुसार, भगवान जगन्नाथ की उपस्थिति के कारण पुरी में मृत्यु के देवता 'यम' की शक्ति समाप्त हो गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- संबद्ध प्रमुख त्योहार: स्नान यात्रा, नेत्रोत्सव, रथ यात्रा, देवशयनी एकादशी। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**33. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बहुपक्षीय विकास बैंक (MDB):**

- MDB अंतर्राष्ट्रीय संस्थान हैं जिनमें विकसित और विकासशील देश शामिल हैं।**अतः कथन 1 सही है।**
- वे परिवहन, ऊर्जा, शहरी बुनियादी ढाँचे और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं के लिये वित्तपोषण तथा तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं।
- विकसित देश MDB को ऋण देने में योगदान करते हैं, जबकि विकासशील देश आमतौर पर विकास परियोजनाओं के लिये उनसे उधार लेते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- MDB गरीबी में कमी, बुनियादी ढाँचे के विकास, मानव पूंजी निर्माण आदि जैसे मुद्दों को हल करके निम्न-आय और मध्यम-आय वाले देशों (LIC तथा MIC) दोनों के विकास का समर्थन करने में सहायक रहे हैं।
- MDB में विश्व बैंक समूह, एशियाई विकास बैंक, अफ्रीकी विकास बैंक, अंतर-अमेरिकी विकास बैंक आदि शामिल हैं।

**34. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्रेफाइट:**

- परिचय:
  - ग्रेफाइट एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला खनिज है जो कार्बन से बना है। यह कार्बन के तीन क्रिस्टलीय रूपों में से एक है, अन्य दो रूप हीरा एवं अक्रिस्टलीय कार्बन (जैसे चारकोल अथवा कार्बन ब्लैक) हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- संरचना:
  - ग्रेफाइट में एक हेक्सागोनल (षट्कोणीय) क्रिस्टल संरचना होती है जिसमें कार्बन परमाणुओं को परतों या शीट्स में व्यवस्थित किया जाता है। ये परतें कमज़ोर रूप से एक साथ जुड़ी होती हैं, जिससे वे आसानी से एक-दूसरे से आगे खिसक सकती हैं, जो ग्रेफाइट को स्नेहन गुण प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- गुण:
  - ग्रेफाइट विद्युत तथा ताप का सुचालक होता है। इसका उपयोग बैटरी के लिये इलेक्ट्रोड के उत्पादन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुप्रयोग:
  - ग्रेफाइट का उपयोग अमूमन पेंसिल बनाने के लिये किया जाता है। पेंसिल में मौजूद "सीसा" वास्तव में ग्रेफाइट एवं मिट्टी के मिश्रण से निर्मित होता है।
  - इसके अतिरिक्त इसका उपयोग क्रूसिबल, फाउंड्री फेसिंग, पॉलिश, आर्क लैंप, बैटरी, इलेक्ट्रिक मोटर ब्रश एवं परमाणु रिएक्टर के कोर के लिये किया जाता है।

**35. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वार्षिक SDG फंडिंग अंतर, जो महामारी से पहले 2.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर था, अब बढ़कर अनुमानित 4.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, जो SDG को प्राप्त करने के लिये पर्याप्त निवेश की तत्काल आवश्यकता पर बल देता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अदीस अबाबा एक्शन एजेंडा (AAAA) सतत् विकास के वित्तपोषण का एक वैश्विक ढाँचा है। इसका उद्देश्य सतत् विकास के लिये वर्ष 2030 का एजेंडा और 17 SDG के कार्यान्वयन हेतु संसाधन जुटाना तथा आवश्यक वित्तपोषण प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा करना एवं सहमत होना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- SDG कार्यान्वयन को मज़बूत करने के लिये अभिकर्त्ताओं ने जलवायु और प्रकृति से संबंधित ऋण स्वैप सहित SDG हेतु ऋण स्वैप को बढ़ाने पर बल देते हुए सभी लेनदारों द्वारा बहुपक्षीय कार्यों एवं समन्वय का आग्रह किया।
  - ऋण स्वैप, पर्यावरण और अन्य नीतिगत चुनौतियों से निपटने एवं हरित विकास का समर्थन करने के लिये कम आय वाले देशों में पूंजी जुटाने के अवसर प्रदान करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**36. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अग्निवीरों को अग्निपथ योजना के माध्यम से तीनों सेवाओं (सेना, नौसेना और वायु सेना) में भर्ती किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह देशभक्त और प्रेरित युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने की अनुमति देता है।
- परिवार को अग्निवीर की मृत्यु की तारीख से शेष कार्यकाल के लिये 13 लाख रुपए से अधिक का भुगतान भी मिलता है, साथ ही सशस्त्र बल युद्ध हताहत कोष (Armed Forces Battle Casualty Fund) से 8 लाख रुपए का योगदान भी मिलता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अग्निवीर का परिवार कई प्रकार के मुआवज़े का हकदार है, जिसमें 48 लाख रुपये की गैर-अंशदायी बीमा राशि भी शामिल है।
- सेवा निधि एक ऐसी योजना है जिसमें अग्निवीर द्वारा लगभग 30% योगदान दिया जाता है और भारत सरकार द्वारा भी उतना ही योगदान दिया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**37. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रश्न उठाने की प्रक्रिया "लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों" के नियम 32-54 तथा लोकसभा अध्यक्ष के निर्देशों के निर्देश 10-18 द्वारा शासित होती है।
  - प्रश्न पूछने के लिये एक सांसद को पहले निचले सदन के महासचिव को संबोधित करते हुए एक नोटिस देना होता है, जिसमें प्रश्न पूछने के अपने उद्देश्य की जानकारी देनी होती है।
- सांसद एक दिन में प्रश्नों की अधिकतम 5 सूचनाएँ (मौखिक और लिखित दोनों) जमा कर सकते हैं। इस सीमा से अधिक नोटिस पर उसी सत्र के अगले दिनों के लिये विचार किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आमतौर पर किसी प्रश्न के लिये नोटिस अवधि 15 दिनों से कम नहीं होती है।
  - हालाँकि अल्प सूचना प्रश्न के लिये, 10 दिन से कम का नोटिस न्यूनतम अवधि के रूप में निर्धारित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**38. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मरीन क्लाउड ब्राइटनिंग की प्रक्रिया:
  - स्वच्छ समुद्री वायु में बादल मुख्य रूप से सल्फेट्स और समुद्री लवणीय क्रिस्टल से बनते हैं, जो अपेक्षाकृत दुर्लभ होते हैं, जिससे न्यून प्रकाश परावर्तन वाली बड़ी बूंदें बनती हैं। अतः कथन 1 सही है लेकिन कथन 2 सही नहीं है।
  - मरीन क्लाउड ब्राइटनिंग (MCB) की प्रक्रिया के लिये समुद्री बादल परावर्तनशीलता (अल्बेडो) में वृद्धि की आवश्यकता होती है, जिससे बादल सफेद और चमकीले हो जाते हैं।
    - इसमें समुद्री जल की बारीक बूंदों को वायुमंडल में छोड़ने के लिये वाटर कैनन या विशेष जहाज़ों का उपयोग करना शामिल है।
    - बूंदों के वाष्पित होने के बाद लवणीय कणों का अवक्षेप बच जाता हैं, जो बादल संघनन नाभिक के रूप में कार्य करते हैं तथा घने, चमकीले बादलों का निर्माण करते हैं।
- संभावित लाभ:
  - MCB में लक्षित क्षेत्रों में समुद्र की सतह के तापमान को कम करने की क्षमता है, जिससे प्रवाल विरंजन घटनाओं की आवृत्ति और गंभीरता कम हो सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - विश्व में जीवाश्म ईंधन के प्रयोग में कमी प्रवाल के लिये एक जीवन रेखा प्रदान कर सकती है, जिससे उनके अस्तित्व और पुनर्प्राप्ति को सक्षम किया जा सकता है।

**39. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLMs): LLMs जेनरेटिव AI मॉडल का एक विशिष्ट वर्ग हैं जिन्हें मानव की तरह टेक्स्ट की समझ और उसके सृजन के लिये प्रशिक्षित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- ये मॉडल गहन शिक्षण तकनीकों, विशेष रूप से न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करके बनाये गए हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- वे संकेत या इनपुट प्रदान किये जाने पर सुसंगत और सांदर्भिक रूप से प्रासंगिक टेक्स्ट प्रदान कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- LLMs के सबसे प्रसिद्ध उदाहरणों में से एक Open AI का GPT (Generative Pre-trained Transformer) है।

- जनरेटिव AI:
  - जेनरेटिव AI कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक हिस्सा है यह उन प्रणालियों को विकसित करने के लिये समर्पित है जो मानव द्वारा उत्पादित सामग्री के समान गुणों वाली सामग्री का उत्पादन करते हैं।
  - ये प्रणालियाँ मौजूदा डेटा के पैटर्न का उपयोग कर नई, रचनात्मक सामग्री उत्पन्न करने में सक्षम हैं।
  - यह सामग्री टेक्स्ट, चित्र, संगीत अथवा अन्य मीडिया के रूप में हो सकती हैं।

**40. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पूंजीगत और राजस्व व्यय के बीच अंतर:**

| पहलू | पूंजीगत व्यय | राजस्व व्यय |
|---|---|---|
| व्यय की प्रकृति | दीर्घकालिक परिसंपत्तियों या निवेशों को प्राप्त करने, सुधारने या विस्तारित करने से संबंधित व्यय, जिनसे एक वित्तीय वर्ष से अधिक के लिये लाभ मिलने की उम्मीद है। | मौजूदा परिसंपत्तियों या सेवाओं के रखरखाव और समर्थन के लिये किये गए दैनिक परिचालन व्यय। |
| लेखांकन व्यवहार | बैलेंस शीट पर पूंजीकृत करने के उपरांत समय से परिशोधन या मूल्यह्रास के माध्यम से मान्यता प्राप्त है। | आय विवरण पर वर्ष में किये गए व्यय के रूप में पूरी तरह से मान्यता प्राप्त है। |
| कर व्यवहार | मूल्यह्रास या परिशोधन के अधीन, जिससे कर प्रभाव में देरी होती है और प्रायः खरीद के वर्ष में कर योग्य आय कम हो जाती है। | कर योग्य आय से तुरंत कटौती योग्य, कर दायित्व में तत्काल कमी प्रदान करता है। |
| लाभप्रदता पर प्रभाव | आम तौर पर अल्पकालिक लाभप्रदता पर बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि लागत कई वर्षों के लिये होती है। | इसका लाभप्रदता पर तत्काल प्रभाव पड़ता है, क्योंकि व्यय का आकलन निर्दिष्ट वर्ष में व्यय के आधार पर की जाती है। |
| उदाहरण | एक नई विनिर्माण सुविधा प्राप्त करना, एक नए उत्पाद, दीर्घकालिक लाइसेंस या फ्रेंचाइज़ी के लिये अनुसंधान और विकास। | नियमित मशीनरी रखरखाव, कर्मचारी वेतन, विज्ञापन लागत, उपयोगिता बिल। |

**41. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मंगल क्रम में सूर्य से चौथे स्थान का ग्रह है, इसका नाम रोम के युद्ध देवता के आधार पर रखा गया है। इसके विशिष्ट लाल रंग के कारण इसे प्राय: "लाल ग्रह" भी कहा जाता है।
- मंगल, बुध के बाद हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे छोटा ग्रह है, इसका व्यास लगभग 6,791 किलोमीटर है, जो पृथ्वी के आकार का लगभग आधा है।
  - इसके दो प्राकृतिक उपग्रह हैं, जिन्हें फोबोस और डीमोस के नाम से जाना जाता है। अतः कथन 1 और 2 सही हैं।
  - यह अत्यधिक ठंडा ग्रह है, सूर्य से इसकी अधिक दूरी होने के कारण भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में इसका तापमान 20°C तक पहुँच जाता है और ध्रुवीय क्षेत्रों का तापमान -140°C तक गिर जाता है।
- ओलंपस मॉन्स मंगल ग्रह पर स्थित है, जो हमारे सौर मंडल का सबसे ऊँचा ज्वालामुखी है, यह माउंट एवरेस्ट से लगभग तीन गुना ऊँचा है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

- मंगल ग्रह का एक दिन 24 घंटे और 37 मिनट का होता है, जो पृथ्वी के दिन से थोड़ा अधिक लंबा होता है लेकिन सूर्य के चारों ओर विस्तारित कक्षा के कारण मंगल ग्रह के एक वर्ष की अवधि 687 दिन (पृथ्वी से लगभग दोगुना) होती है।
- मंगल की घूर्णन धुरी सूर्य के चारों ओर उसकी कक्षा के तल के संबंध में 25 डिग्री तक झुकी हुई है। यह पृथ्वी के समान है, जिसका अक्षीय झुकाव 23.4 डिग्री है।
  - मंगल ग्रह पर अलग-अलग मौसम अनुभव किये गए हैं, लेकिन वे पृथ्वी के मौसमों की तुलना में अधिक लंबे समय तक बने रहते हैं।

**42. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रावैधिकी सलाह पर सहायक निकाय (SBSTTA):**

- जैवविविधता पर कन्वेंशन का अनुच्छेद 25 बिना किसी निश्चित अवधि वाली एक अंतर-सरकारी वैज्ञानिक सलाहकार निकाय की स्थापना करता है जिसे वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रावैधिकी सलाह पर सहायक निकाय (SBSTTA) के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य पार्टियों के सम्मेलन (COP) और इसके अन्य सहायक निकायों को कन्वेंशन के कार्यान्वयन के संबंध में समय पर सलाह प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**43. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-तिब्बत सीमा पुलिस:**

- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) एक समर्पित बल है जो तिब्बत (चीन) के साथ लगने वाली भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिये ज़िम्मेदार है।
  - ITBP का गठन शुरू में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (Central Reserve Police Force- CRPF) अधिनियम, 1949 के तहत किया गया था। हालाँकि वर्ष 1992 में संसद ने ITBP अधिनियम लागू किया और 1994 में नियम बनाए। अत: कथन 1 सही है।
- ITBP भारत की एक विशेष पर्वतीय बल है, जिसकी स्थापना 24 अक्तूबर, 1962 को भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद की गई थी, शुरुआत में इस बल की तैनाती भारत-चीन सीमा पर की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

**44. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- धूल निरोधक सामान्यतः कैल्शियम या मैग्नीशियम लवण से बने होते हैं, जिन्हें जल में मिलाया जाता है और फिर सड़कों पर छिड़का जाता है। यह मिश्रण प्रभावी ढंग से धूल को नियंत्रित करता है, जिससे वायु में धूल के कणों से लंबे समय तक राहत मिलती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पवन संवर्द्धन और वायु शुद्धिकरण इकाई (WAYU): वायु प्रदूषण से निपटान हेतु इसे औद्योगिक परिसर, आवासीय परिसरों और यातायात सड़क चौराहे/डिवाइडर के आसपास के स्कूलों में स्थापित किया जा सकता है।
  - यह उपकरण दो सिद्धांतों, वायु प्रदूषकों को कम करने तथा सक्रिय प्रदूषकों को हटाने के लिये पवनोत्पादन पर काम करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मध्यम/वृहत पैमाने के स्मॉग टावर्स: ये टावर्स बड़े शहरी इलाके में पार्टिकुलेट मैटर और प्रदूषकों की कमी को लक्षित करने वाले वायु शोधक हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**45. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

  - बायोमास को-फायरिंग कोयला तापीय संयंत्रों में ईंधन के एक हिस्से को बायोमास से प्रतिस्थापित करने की प्रथा है।
  - बायोमास को-फायरिंग का अर्थ उच्च दक्षता वाले कोयला बॉयलरों में आंशिक विकल्प ईंधन के रूप में बायोमास जोड़ना है।
    - कोयला जलाने के लिये डिज़ाइन किये गए बॉयलरों में कोयले और बायोमास को एक साथ जलाया जाता है। इस प्रयोजन के लिये मौजूदा कोयला आधारित विद्युत संयंत्र को आंशिक रूप से पुनर्निर्मित और रेट्रोफिट करना आवश्यक है।

- को-फायरिंग बायोमास को कुशल और स्वच्छ तरीके से विद्युत् ऊर्जा में परिवर्तित करने एवं विद्युत् संयंत्र के ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को कम करने का एक विकल्प है। अतः कथन 1 सही है।
- MNRE और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने बायोमास पेलेट विनिर्माण इकाइयों को समर्थन देने के लिये वित्त सहायता योजनाएँ शुरू की हैं।
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (PSL) के तहत एक योग्य गतिविधि के रूप में 'बायोमास पेलेट विनिर्माण' को मंज़ूरी दे दी है, जिससे ऐसे प्रयासों के लिये वित्तीय व्यवहार्यता को बढ़ावा मिलेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**46. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- एवियन इन्फ्लूएंज़ा, जिसे आमतौर पर 'बर्ड फ्लू' भी कहा जाता है, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है जो मुख्य रूप से पक्षियों, विशेष रूप से जंगली पक्षियों तथा घरेलू मुर्गीपालन को प्रभावित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंज़ा (HPAI) को नियंत्रित करने के लिये भारत का दृष्टिकोण एवियन इन्फ्लूएंज़ा के नियंत्रण और रोकथाम के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना (संशोधित- 2021) में उल्लिखित "डिटेक्ट एंड कल (detect and cull)" की नीति का अनुसरण करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1996 में अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंज़ा H5N1 वायरस सर्वप्रथम दक्षिणी चीन में घरेलू जलपक्षियों में पाया गया था। इस वायरस का नाम A/गूस/गुआंगडोंग/1/1996 (A/goose/Guangdong/1/1996) है।
- H5N8 पहली बार भारत में नवंबर 2016 में देखा गया था, जो मुख्य रूप से पाँच राज्यों में जंगली पक्षियों को प्रभावित करता था, जिसमें केरल में सबसे अधिक मामले दर्ज़ किये गए थे।
- भारत में अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंज़ा (HPAI) H5N1 और H5N8 दोनों का प्रकोप देखा गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**47. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आपराधिक प्रक्रिया पहचान अधिनियम (CrPI), 2022 पुलिस और केंद्रीय जाँच एजेंसियों को गिरफ्तार व्यक्तियों के भौतिक एवं जैविक नमूनों को इकट्ठा करने, उन्हें संगृहीत करने तथा विश्लेषण करने का अधिकार देता है, जिसमें रेटिना व आईरिस स्कैन भी शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस विधायी कदम का उद्देश्य कानून प्रवर्तन क्षमताओं को बढ़ाना और आपराधिक पहचान तथा डेटा प्रबंधन में एक नए युग की शुरुआत करना है।
- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) को अधिनियम को लागू करने तथा मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) स्थापित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NCRB ने इन मापों को रिकॉर्ड करने के लिये उचित प्रोटोकॉल पर पुलिस अधिकारियों का मार्गदर्शन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- CrPI अधिनियम में सीधे तौर पर DNA नमूना संग्रह और फेस मैचिंग प्रक्रियाओं का उल्लेख नहीं किया गया था, लेकिन NCRB ने राज्य पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा में इन उपायों को लागू करने की योजना बनाई। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**48. उत्तर: C**

व्याख्या: आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (Organization for Economic Cooperation and Development- OECD)

- परिचय:
  - OECD एक अंतर-सरकारी आर्थिक संगठन है, जिसकी स्थापना आर्थिक प्रगति और विश्व व्यापार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है।
  - अधिकांश OECD सदस्य उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनका मानव विकास सूचकांक (HDI) बहुत अधिक है और उन्हें विकसित देश माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- नींव:
  - इसकी स्थापना वर्ष 1961 में पेरिस, फ्राँस में मुख्यालय की स्थापना के साथ की गई थी और इसमें कुल 38 सदस्य देश हैं।
  - OECD में शामिल होने वाले सबसे हालिया देश अप्रैल 2020 में कोलंबिया और मई 2021 में कोस्टा रिका थे।
  - भारत इसका सदस्य नहीं है, बल्कि एक प्रमुख आर्थिक भागीदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- OECD द्वारा रिपोर्ट और सूचकांक:
  - सरकार एक दृष्टि में। **अतः कथन 3 सही है।**
  - OECD बेहतर जीवन सूचकांक।

**49. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सैनिटरी और फाइटोसैनिटरी (SPS) समझौता यह सुनिश्चित करता है कि WTO सदस्यों के बीच विपणित उत्पाद बीमारियाँ नहीं फैलाते हैं, तथा खाद्य उत्पादों में हानिकारक पदार्थ या रोगजनक नहीं होते हैं।
- "SPS समझौता" 1 जनवरी, 1995 को विश्व व्यापार संगठन की स्थापना के साथ लागू हुआ।
  - WTO में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित कुल 164 सदस्य देश हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

**50. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डेंगू:**

- परिचय:
  - डेंगू एक मच्छर जनित उष्णकटिबंधीय बीमारी है जो डेंगू वायरस (जीनस फ्लेवीवायरस) के कारण होती है, इसका प्रसार मच्छरों की कई जीनस एडीज़ (Genus Aedes) प्रजातियों, मुख्य रूप से एडीज़ इजिप्टी (Aedes Aegypti) द्वारा होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - यह मच्छर चिकनगुनिया और जीका संक्रमण भी फैलाता है।
- डेंगू की वैक्सीन:
  - वर्ष 2019 में US फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (US Food & Drug Administration) द्वारा डेंगू की वैक्सीन CYD-TDV या डेंगवैक्सिया (CYD-TDV or Dengvaxia) अनुमोदित की गई थी, जो अमेरिका में नियामक मंज़ूरी पाने वाली डेंगू की पहली वैक्सीन थी।
    - डेंगवैक्सिया मूल रूप से एक जीवित और दुर्बल डेंगू वायरस है जिसकी खुराक 9 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के उन लोगों को दी जाती है जिनमें पूर्व में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है तथा जो संक्रमित क्षेत्रों में रहते हैं।
  - भारत के नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंस के शोधकर्त्ताओं ने भारत, अफ्रीका एवं अमेरिका के नौ अन्य संस्थानों के सहयोग से डेंगू बुखार के लिये भारत का पहला तथा एकमात्र DNA वैक्सीन विकसित की है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - चूहों पर प्रारंभिक परीक्षणों के दौरान इस उम्मीदवार वैक्सीन ने एक मज़बूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न की और बीमारी के संपर्क में आने के बाद जीवित रहने की दर में सुधार हुआ।
- बैक्टीरिया का उपयोग कर डेंगू पर नियंत्रण:
  - विश्व मच्छर कार्यक्रम के शोधकर्त्ताओं ने डेंगू को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिये वोल्बाचिया बैक्टीरिया से संक्रमित मच्छरों को शोध में शामिल किया है, जिससे इंडोनेशिया में डेंगू की घटनाओं में 77% की कमी आई है। **अतः कथन 2 सही है।**

**51. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भूमि क्षरण तटस्थता (LDN):**

- भूमि क्षरण तटस्थता (LDN) एक सीधी-सरल अवधारणा है जिसका उपयोग वनोन्मूलन पर रोक लगाने और निम्नीकृत भूमि की पुनर्स्थापना के लिये एक बहुमुखी उपकरण के रूप में किया जा सकता है, साथ ही इसके उपयोग से पर्याप्त, सुचारु तथा उत्पादक प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह बेहतर भूमि प्रबंधन प्रथाओं एवं भूमि-उपयोग योजनाओं पर केंद्रित है जो मौजूदा और आगामी पीढ़ियों के लिये आर्थिक, सामाजिक व पारिस्थितिक संधारणीयता में सुधार करने में सहायता करेगी।
- यह जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने तथा अनुकूलन के लिये काफी महत्त्वपूर्ण है। भूमि क्षरण को पूरी तरह से नियंत्रित करने मृदा और वनस्पति में कार्बन भंडार बढ़ाकर भूमि को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का स्रोत बनने के बजाय इसे कार्बन सिंक में परिवर्तित किया जा सकता है।

**भूमि क्षरण को रोकने के लिये प्रयास:**

- बॉन चैलेंज: इसके तहत वर्ष 2020 तक विश्व के 150 मिलियन हेक्टेयर वनों की कटाई वाली और बंजर भूमि को पुनर्स्थापित करने तथा वर्ष 2030 तक कुल 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनर्स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्रेट ग्रीन वॉल: वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) की पहल जहाँ साहेल-सहारा अफ्रीका के ग्यारह देशों ने भूमि क्षरण को नियंत्रित करने और परिदृश्य में स्वदेशी पौधों के जीवन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है।

**52. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ओलंपिक से संबंधित महत्त्वपूर्ण पहलू:**

- परिचय:
  - ओलंपिक एक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन है जो प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित किया जाता है।
    - ओलंपिक का लक्ष्य खेल के माध्यम से मनुष्य का विकास करना और विश्व शांति में योगदान देना है।
  - ओलंपिक में शामिल खेल: समर गेम्स, विंटर गेम्स और यूथ ओलंपिक गेम्स। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- मूल ओलंपिक आदर्श वाक्य तीन लैटिन शब्दों से बना है: सिटियस-अल्टियस-फोर्टियस। इन शब्दों का अंग्रेज़ी में अर्थ फास्टर-हायर-स्ट्रॉन्गर है। वर्ष 2021 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र में ओलंपिक आदर्श वाक्य में बदलाव को मंज़ूरी दी गई।
  - नया ओलंपिक आदर्श वाक्य अब लैटिन भाषा में "सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस-कम्युनिटर" तथा अंग्रेज़ी में "फास्टर, हायर, स्ट्रॉन्गर-टुगेदर" है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इतिहास और उत्पत्ति:
  - ओलंपिक की शुरुआत लगभग 3,000 वर्ष पूर्व प्राचीन ग्रीस के पेलोपोनिस क्षेत्र में हुई थी।
  - हालाँकि सटीक आरंभ तिथि की अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है, आमतौर पर ऐतिहासिक अभिलेखों में इसका वर्ष 776 ईसा पूर्व उल्लेखित है।
    - पियरे डी. कूबर्टिन की योजना के आधार पर पहला आधुनिक ओलंपिक वर्ष 1896 में एथेंस, ग्रीस में आयोजित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**53. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM):**

- ISM को वर्ष 2021 में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के तत्त्वावधान में कुल 76,000 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह देश में संधारणीय सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम के विकास के लिये व्यापक कार्यक्रम का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य अर्द्धचालक, डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग और डिज़ाइन इकोसिस्टम में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

- घटक:
  - भारत में सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करने के लिये योजना:
    - यह सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना के लिये पात्र आवेदकों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है जिसका उद्देश्य देश में सेमीकंडक्टर वफर फैब्रिकेशन सुविधाओं की स्थापना हेतु बड़े निवेश को आकर्षित करना है।

- भारत में डिस्प्ले फैब स्थापित करने के लिये योजना:
  - यह योजना डिस्प्ले फैब की स्थापना के लिये पात्र आवेदकों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य देश में TFT एलसीडी/AMOLED आधारित डिस्प्ले फैब्रिकेशन सुविधाओं की स्थापना के लिये बड़े निवेश को आकर्षित करना है।

**54. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- बाइडनॉमिक्स, रीगनॉमिक्स पर एक शब्दों का खेल है, जो रीगन प्रशासन की आर्थिक नीतियों का उपनाम है, जिसमें चार स्तंभों पर ज़ोर दिया गया है: कर में कटौती, विनियमन, घरेलू खर्च में कटौती और मुद्रास्फीति में कमी।
- व्हाइट हाउस के अनुसार, बाइडनॉमिक्स, रीगनॉमिक्स को परिभाषित करने वाली ट्रिकल-डाउन आर्थिक नीतियों की अस्वीकृति है।
  - यह तीन प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित एक दृष्टिकोण है: स्मार्ट सार्वजनिक निवेश करना; मध्यम वर्ग के विकास के लिये श्रमिकों को सशक्त बनाना और शिक्षित करना; लागत कम करने हेतु प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना तथा उद्यमियों व छोटे व्यवसायों को फलने-फूलने में मदद करना। **अतः विकल्प B सही है।**

**55. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY):**

- इस योजना को वर्ष 2015 में खेती के लिये पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करने, जल उपयोग दक्षता में सुधार करने तथा सतत् जल संरक्षण प्रथाओं को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें केंद्र-राज्यों के बीच हिस्सेदारी का अनुपात 75:25 होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा पहाड़ी राज्यों के मामले में यह हिस्सेदारी 90:10 के अनुपात में होगी।
- वर्ष 2020 में जल शक्ति मंत्रालय ने PMKSY के तहत परियोजनाओं के घटकों की जियो-टैगिंग के लिये एक मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया।
- इसे निम्नलिखित योजनाओं को मिलाकर तैयार किया गया था:
  - त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (AIBP)- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय (अब जल शक्ति मंत्रालय)।
  - एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम (Integrated Watershed Management Programme- IWMP)- भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय।
  - ऑन-फार्म जल प्रबंधन (OFWM)- कृषि और सहकारिता विभाग (DAC)। **अतः कथन 3 सही है।**

**56. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अटल भूजल योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका उद्देश्य 6000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ स्थायी भूजल प्रबंधन की सुविधा प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका कार्यान्वन जल शक्ति मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विश्व बैंक और भारत सरकार योजना के वित्तपोषण के लिये 50:50 के अनुपात का योगदान दे रहे हैं। विश्व बैंक की संपूर्ण ऋण राशि और केंद्रीय सहायता राज्यों को अनुदान के रूप में दी जाएगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**57. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के उर्वरक विभाग द्वारा अप्रैल 2010 से पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (Nutrient Based Subsidy- NBS) व्यवस्था लागू की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NBS व्यवस्था के तहत किसानों को इन उर्वरकों में निहित पोषक तत्त्वों (N, P, K और S) के आधार पर रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाते हैं। इसमें यूरिया शामिल नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- NBS नीति का उद्देश्य फॉस्फेटिक और पोटैशिक (P&K) उर्वरकों की खपत को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरक का इष्टतम संतुलन (N:P:K= 4:2:1) प्राप्त किया जा सके। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**58. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 5T पहल ओडिशा राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह एक शासन मॉडल है जो टीम वर्क, पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी, समय-सीमा और बदलाव के लिये प्रयुक्त है, जिसे शासन में सुधार लाने और सार्वजनिक सेवाओं के कुशल वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2022 में, ओडिशा सरकार के प्रमुख ने 5T पहल में एक और T (यात्रा) को शामिल करते हुए 6T-मंत्र दिया, मंत्रियों से और अधिक 'भ्रमण' करने तथा ज़मीनी स्तर पर सुदृढ़ीकरण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

**59. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हरित हाइड्रोजन उत्पादन में वर्तमान मुद्दे:**

- हरित हाइड्रोजन की परिभाषा:
  - MNRE ने हरित हाइड्रोजन को हाइड्रोजन उत्पादन के रूप में परिभाषित किया है जो प्रति किलोग्राम हाइड्रोजन के साथ 2 किलोग्राम से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित नहीं करता है। **अतः कथन I सही है।**
    - हालाँकि इस परिभाषा की व्याख्या अभी नहीं हो पाई है जिससे इसके व्यावहारिक कार्यान्वयन को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं।
- इलेक्ट्रोलाइज़र का निरंतर संचालन:
  - यदि इलेक्ट्रोलाइज़र (हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिये आवश्यक) का उपयोग 24 घंटे किया जाता है तो उन्हें रात में बिना किसी सौर ऊर्जा संचालित करने की आवश्यकता होगी। इसके लिये संभवतः पारंपरिक कोयला आधारित ग्रिड से बिजली बनाने की आवश्यकता होगी, जिसके उपयोग से कार्बन उत्सर्जन बढ़ सकता है।
  - भारत में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिये बायोमास के उपयोग की अनुमति है जो जलने पर कार्बन उत्सर्जन करता है। इससे पूर्णतः स्वच्छ हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में समस्या उत्पन्न होती है। अतः कथन II सही है।

दोनों कथन सही हैं लेकिन कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**60. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन:**

- परिचय:
  - इसे दिसंबर 2014 से स्वदेशी गोजातीय नस्लों के विकास और संरक्षण के लिये लागू किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह योजना 2400 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ वर्ष 2021 से वर्ष 2026 तक अम्ब्रेला योजना राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना के तहत भी जारी है। **अतः कथन 2 सही है।**
- नोडल मंत्रालय:
  - मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- उद्देश्य:
  - उन्नत तकनीकों का उपयोग करके गोवंश की उत्पादकता और दुग्ध उत्पादन को स्थायी रूप से बढ़ाना।
  - प्रजनन उद्देश्यों के लिये उच्च आनुवंशिक योग्यता वाले बैलों के उपयोग को बढ़ावा देना। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**
  - प्रजनन नेटवर्क को मज़बूत करने और किसानों तक कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं की डिलीवरी के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान कवरेज को बढ़ाना।
  - वैज्ञानिक और समग्र तरीके से स्वदेशी मवेशी तथा भैंस पालन एवं संरक्षण को बढ़ावा देना।

नोट :

**61. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ICJ एक विश्व न्यायालय के रूप में कार्य करता है जिसके पास दो प्रकार के क्षेत्राधिकार हैं अर्थात् राज्यों के बीच उनके द्वारा प्रस्तुत किये गए कानूनी विवाद (विवादास्पद मामले) और संयुक्त राष्ट्र के अंगों तथा विशेष एजेंसियों (सलाहकार कार्यवाही) द्वारा इसे संदर्भित कानूनी प्रश्नों पर सलाहकारी राय के लिये अनुरोध। **अतः कथन 1 सही है।**
- ICJ अंतर्राष्ट्रीय कानून पर के आधार पर विवादों का समाधान करता है और मार्गदर्शन प्रदान करता है, जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, अंतर्राष्ट्रीय रीति-रिवाजों, सभ्य राष्ट्रों द्वारा मान्यता प्राप्त कानूनों के सामान्य सिद्धांतों, न्यायिक निर्णयों और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर सबसे उच्च योग्य विशेषज्ञों के लेखन में परिलक्षित होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कथन I ICJ के कर्तव्यों, भूमिकाओं और ज़िम्मेदारियों को दर्शाता है और कथन II उन सिद्धांतों के बारे में बात करता है जिनके आधार पर ICJ अपनी भूमिकाओं और ज़िम्मेदारियों को पूरा करता है। **अतः विकल्प A सही है।**

**62. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना की टुकड़ी संयुक्त सैन्य 'अभ्यास काज़िंद-2023' के 7वें संस्करण में भाग लेने हेतु कज़ाखस्तान के लिये रवाना हुई।
- भारत और कज़ाखस्तान के बीच संयुक्त अभ्यास को वर्ष 2016 में 'अभ्यास प्रबल दोस्तीक' के रूप में शुरू किया गया था। दूसरे संस्करण के बाद अभ्यास को कंपनी-स्तरीय अभ्यास में अपग्रेड किया गया और इसका नाम बदलकर 'अभ्यास काज़िंद' कर दिया गया। इस वर्ष वायु सेना को शामिल करके अभ्यास को द्वि-सेवा अभ्यास के रूप में अपग्रेड किया गया है। **अतः विकल्प B सही है।**

**63. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

हाल ही में कई राज्य सरकारों ने स्कूलों से विद्यार्थियों के लिये एक नए पहचान पत्र बनाने हेतु माता-पिता की सहमति लेने का अनुरोध किया, जिसे स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (Automated Permanent Academic Account Registry-APAAR) के रूप में जाना जाता है।

- यह केंद्र सरकार की 'एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी' पहल का हिस्सा है, जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पर आधारित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- APAAR डिजिलॉकर के प्रवेश द्वार के रूप में भी कार्य करेगा। डिजिलॉकर एक डिजिटल प्रणाली है जहाँ छात्र अपने महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ और उपलब्धियाँ, जैसे- परीक्षा परिणाम एवं रिपोर्ट कार्ड संगृहीत कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- पहल के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को एक लाइफटाइम APAAR आईडी मिलेगी, जिससे शिक्षार्थियों, स्कूलों और सरकारों के लिये पूर्व-प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक शैक्षणिक प्रगति को ट्रैक करना आसान हो जाएगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**64. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT):**

- परिचय:
  - राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की स्थापना वर्ष 2010 में NGT अधिनियम, 2010 के तहत पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन, दुष्प्रभावित व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिये अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करने एवं इससे जुड़े हुए मामलों के प्रभावशाली व त्वरित निपटारे के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - NGT का मुख्यालय दिल्ली में है, जबकि अन्य चार क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, पुणे, कोलकाता एवं चेन्नई में स्थित हैं।
- संरचना:
  - अधिकरण में अध्यक्ष, न्यायिक सदस्य और विशेषज्ञ सदस्य शामिल हैं।
    - अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।

- न्यायिक सदस्यों और विशेषज्ञ सदस्यों की नियुक्ति के लिये केंद्र सरकार द्वारा एक चयन समिति का गठन किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- NGT में सदस्यों की कुल संख्या 10 से कम और 20 से अधिक नहीं होनी चाहिये। प्रत्येक सदस्य पाँच वर्ष तक अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद पर रहता है और पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र नहीं है। **अतः कथन 3 सही है।**

**65. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- परिचय:
  - थैलियम (Tl) परमाणु क्रमांक 81 वाला एक रासायनिक तत्त्व है, इसकी खोज वर्ष 1861 में सर विलियम क्रुक्स ने की थी।
    - यह एक नरम, भारी और अप्रत्यास्थ धातु है।
  - थैलियम स्वादहीन और गंधहीन होता है और चूँकि इसका पता लगाना बहुत मुश्किल है, इसलिये हत्यारों द्वारा ज़हर के रूप में इसका उपयोग किया जाता है।
- गुण:
  - यह एक नरम, चाँदी जैसी सफेद धातु है जो आसानी से धूमिल हो जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- स्रोत:
  - यह पृथ्वी के क्रस्ट में अल्प मात्रा में पाया जाता है।
  - यह कई अयस्कों में पाया जाता है। इनमें से एक है पाइराइट, जिसका उपयोग सल्फ्यूरिक एसिड के उत्पादन के लिये किया जाता है। कुछ थैलियम पाइराइट्स से प्राप्त होता है, लेकिन यह मुख्य रूप से ताँबा, जस्ता और सीसा शोधन के उप-उत्पाद के रूप में भी प्राप्त होता है।
- उपयोग:
  - थैलियम की विषाक्त प्रकृति के कारण इसका उपयोग प्रतिबंधित है।
  - थैलियम सल्फेट, जो एक समय कृंतक नाशक था, अब कई विकसित देशों में घरेलू उपयोग के लिये प्रतिबंधित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**66. उत्तर: (B)**

**व्याख्या:**

- दक्षिण-पूर्व एशिया में चक्रवातों को टाइफून कहा जाता है। अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।
- उत्तरी अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में इसे हरिकेन कहा जाता है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- पश्चिमी अफ्रीका और दक्षिणी अमेरिका में इसे टॉर्नेडो कहा जाता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है। अतः विकल्प (b) सही है।**

**67. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**CERT-In:**

- यह कंप्यूटर सुरक्षा संबंधी इवेंट्स के घटित होने पर प्रतिक्रिया देने के लिये राष्ट्रीय नोडल एजेंसी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का कार्यात्मक संगठन है। **अतः कथन 2 सही है।**
- CERT-In के अधिदेश:
  - अनिवार्य रूप से लॉग को इनेबल करना:
    - यह सभी सेवा प्रदाताओं, मध्यस्थों, डेटा केंद्रों, कॉरपोरेट्स और सरकारी संगठनों को अपने सभी ICT (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) सिस्टम के लॉग को अनिवार्य रूप से सक्षम करने का अधिदेश देता है।
  - सभी ICT सिस्टम को कनेक्ट और सिंक्रोनाइज़ करना:
    - यह सुनिश्चित करने के लिये कि इवेंट्स की शृंखला समय-सीमा में सटीक रूप से प्रतिबिंबित हो, सेवा प्रदाताओं को अपने सभी ICT सिस्टम घड़ियों को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) या राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (NPL) के नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल (NTP) सर्वर से कनेक्ट तथा सिंक्रनाइज़ करने के लिये कहा गया है।

**68. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने जलवायु परिवर्तन के कारण तटरेखा परिवर्तन का प्रबंधन करने के लिये भारत के तटों के लिये खतरे की रेखा का निर्धारण किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचना, 2019 का उद्देश्य तटीय क्षेत्रों और आजीविका का संरक्षण करना है साथ ही नो डेवलपमेंट ज़ोन को परिभाषित करते हुए क्षरण नियंत्रण उपायों की अनुमति देना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- तटीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (CMIS) संवेदनशील हिस्सों पर सुरक्षा संरचनाओं को डिज़ाइन करने और बनाए रखने के लिये तट के निकट तटीय डेटा को एकत्र करती है।
  - पुदुचेरी और केरल में तटीय क्षरण शमन उपायों का सफल प्रदर्शन किया गया, जिससे तटीय क्षेत्रों की बहाली एवं सुरक्षा में सहायता मिली। **अतः कथन 3 सही है।**

**69. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्रुप ऑफ सेवन (G7):**

- परिचय:
  - यह एक वैश्विक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था।
  - वैश्विक आर्थिक प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये G7 देशों की वार्षिक बैठक होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सदस्य देश:
  - G7 देश यूके, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - सभी G7 देश और भारत G20 का हिस्सा हैं।
- औपचारिक चार्टर/सचिवालय:
  - G7 के पास कोई औपचारिक चार्टर या सचिवालय नहीं है। एजेंडा स्थापित करने का कार्य अध्यक्ष करता है, यह अध्यक्ष पद सदस्य देशों के बीच प्रत्येक वर्ष स्थानांतरित होता रहता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - शेरपा, मंत्री और दूत शिखर सम्मेलन से पहले नीतिगत पहलों की रूपरेखा तैयार करते हैं।

**70. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- परिचय:
  - हमास एक फिलिस्तीनी राजनीतिक सशस्त्र समूह है जिसकी स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी। यह एक उग्रवादी समूह है जो इज़रायली कब्ज़े के खिलाफ एक प्रतिरोध आंदोलन के रूप में उभरा था। **अतः कथन 1 सही है।**
- पृष्ठभूमि:
  - हमास की स्थापना वर्ष 1987 में मिस्र के मुस्लिम ब्रदरहुड की एक शाखा के रूप में की गई थी जो हिंसक जिहाद के माध्यम से अपने एजेंडे को पूरा करना चाहता था।
    - इसने इज़रायली कब्ज़े और फतह के खिलाफ एक प्रतिरोध आंदोलन के रूप में लोकप्रियता हासिल की।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा वर्ष 1997 में हमास को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया। इज़रायल और अधिकांश यूरोप सहित कई अन्य देश भी हमास के प्रति यही दृष्टिकोण अपनाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :